RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार मंगलवार
06:41 PM
सहरी बुधवार
04:48 AM

वर्ष : 26 | अंक : 100 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही मिलते हैं : प्रधानमंत्री

रुद्रपुर (एजेंसी)। ऊधमसिंह नगर में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें उत्तराखंड को

विकसित बनाना है, केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। दस साल में जितना विकास हुआ आज तक नहीं हुआ। 12 लाख घरों को पानी कनेक्शन दिया। तीन लाख को स्वामित्व योजना का लाभ मिला।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं जब भी उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आता हूं, खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं। इसलिए मेरे दिल की गहराई से एक बात निकली थी- देवभूमि के ध्यान से ही मैं सदा धन्य हो जाता हूं, है भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा, मैं तुमको शीश नवाता हूं। पीएम ने कहा कि मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत का मतलब है,

पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी है। मोदी की गारंटी ने उत्तराखंड के घर-घर में सुविधा पहुंचाई है, लोगों का स्वाभिमान बढ़ाया है। अब तीसरे टर्म में आपका ये बेटा एक और बड़ा काम करने जा रहा है। आपको 24 घंटे बिजली मिले, बिजली का बिल जीरो हो और बिजली से कमाई भी हो। इसके लिए मोदी ने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' शुरू की है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज उत्तराखंड हर प्रकार की आधुनिक कनेक्टिविटी से जुड़ रहा है। भाजपा ने प्रदेश के गरीबों को 85000 घर बनाकर दिए हैं। 12 लाख घरों तक पानी का कनेक्शन पहुंचाया है। इसके अलावा भाजपा सरकार ने साढे पांच लाख से ज्यादा शौचालयों का निर्माण कराया है। इसके अलावा यहां की पांच लाख से ज्यादा महिलाओं को उज्जवला गैस मुक्त कनेक्शन दिया गया है। करीब 3 लाख लोगों को स्वामित्व योजना के तहत उनकी प्रॉपर्टी के कार्ड दिए गए हैं। उत्तराखंड के 35 लाख लोगों के पास (शेष पृष्ठ-3 पर)

'आप के 4 नेताओं की होगी गिरफ्तारी'

भाजपा ने दिया पार्टी में शामिल होने का ऑफर : आतिशी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी की नेता तथा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी

ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में 'आप' के चार और बड़े नेताओं को जेल में डाला जाएगा। साथ ही रिश्तेदारों के घर पर ईडी की रेड भी होगी।

उन्होंने कहा कि ईडी मेरे घर पर छापेमारी कर सकती है और आने वाले दिनों में मुझे भी जेल में डाला जा सकता है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि सौरभ और राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपना इस्तीफा नहीं देंगे।

भाजपा में शामिल होने का ऑफर

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने खुलासा किया है कि भाजपा के एक नेता ने उनके करीबी से संपर्क साधा है। उनको बोला है की आतिशी को अपना करियर बचा के रखना है तो वह जल्द भाजपा में शामिल हो जाए, अन्यथा उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्हें मालूम हुआ कि भाजपा आम आदमी पार्टी को कुचलना चाहती है। इस कड़ी में उनके साथ-साथ सौरव भारद्वाज, राघव चड्ढा और दुर्गेश पाठक को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा। उनके घरों पर भी रेड की जाएगी और फिर समन भेज कर तलब किया जाएगा। उस दौरान उन्हें गिरफ्तार करने की योजना है। आप नेता आतिशी ने कहा कि आने वाले दिनों में मुझे, दुर्गेश, सौरभ भारद्वाज और राघव चड्ढा को जेल में डाला जाएगा। आने वाले दिनों में मेरे घर, मेरे परिजनों के घर और रिश्तेदारों के यहां पर ईडी का छापा मारा जाएगा। इसे बाद हम लोगों को समन भेजा जाएगा और फिर हम सभी चारों को गिरफ्तार किया जाएगा। लेकिन हम भगत सिंह के चेले हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

क्राइम फाईल

ओवररेट बीयर बेचते सेल्समैन को दबोचा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। याकूबपुर गांव स्थित बियर के ठेके पर निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बियर बेच रहे सेल्समैन को आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर ही दबोच लिया सेल्समैन के खिलाफ थाना फेस 2 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

आबकारी निरीक्षक शिखा ठाकुर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह टीम के साथ शराब की दुकानों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान शिकायत मिली कि याकूबपुर गांव स्थित बियर की दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बियर की बिक्री की जा रही है। उन्होंने गोपनीय तरीके से आबकारी सिपाही को बियर के ठेके पर भेजा। सेल्समैन ने सिपाही से भी बियर की एवज में अधिक पैसे वसूल लिए। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम ने सेल्समेन रोहित कुमार पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम बलवंतपुरा गुलावठी बुलंदशहर को हिरासत में लेकर थाना फेस 2 भेजा। आरोपी सेल्समैन के खिलाफ निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बाइक चोर को दबोचा तो किया हमला, भीड़ ने धुनाई कर पुलिस को सौंपा

नोएडा (चेतना मंच)। छिजारसी कॉलोनी में बाइक चोरी कर ले जा रहे चोर को पकड़ना दो भाइयों को खासा महंगा पड़ा। चोर ने नुकीली चीज से वार कर दोनों को घायल कर दिया। मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ ने चोर को दबोच कर उसकी धुनाई कर दी और उसे थाना सेक्टर 63 पुलिस के हवाले कर दिया।

छिजारसी कॉलोनी निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर घर के बाहर आए तो एक व्यक्ति उन्हें बाइक चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने उसे पकड़ने की कोशिश की तो चोर ने उस पर किसी नुकीली चीज से वार कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर उसका बड़ा भाई सोनू भी आ गया और उसने चोर को पकड़ने का प्रयास किया। चोर ने वार कर उसे भी घायल कर दिया और भागने का प्रयास किया। इस दौरान आसपास इकट्ठा हुए लोगों ने चोर को दबोच कर उसकी पिटाई कर दी। पकड़े गए चोर को थाना सेक्टर 63 पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में चोर ने अपना नाम अजय पुत्र किशन लाल निवासी बुलंदशहर बताया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

अभद्र टिप्पणी करने पर चार के खिलाफ मुकदमा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी में एक युवती ने चार युवकों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट तथा अपहरण का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक व उसके साथी उस पर गंदी नजर रखते हैं और जब वह घर से कोचिंग के लिए जाती है तो उसकी वीडियो बनाने के साथ-साथ उस पर भद्दे-भद्दे कमेंट करते हैं।

सेक्टर जू-2 निवासी कोमल (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके घर के सामने रहने वाला आकाश पुत्र हुकुम सिंह व उसके दोस्त उस पर गंदी नजर रखते हैं। जब वह अपने घर से कोचिंग के लिए जाती है तो आरोपियों द्वारा उस पर भद्दे भद्दे कमेंट किए जाते हैं। बीते 13 नवंबर को आकाश व उसके दोस्तों ने उसका पीछा किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

थाना प्रभारी निरीक्षक के घर से लाखों के जेवरात, नकदी व कीमती सामान चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। चोरों ने सूरजपुर थाना क्षेत्र में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक के घर में चोरी कर लाखों रुपए के जेवरात नगदी व अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। वहीं थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सहायक कमांडेंट के घर से सोने की चेन चोरी हो गई।

बुलंदशहर के महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक रजनी वर्मा ने थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम देवला पंछी विहार में उसके पति किशन व बच्चे रहते हैं। 21 मार्च की शाम को उसके पति व बच्चे उनके पास बुलंदशहर आए थे। 1 अप्रैल को उनके पति और बच्चे जब देवला पंछी विहार स्थित अपने घर पहुंचे तो उन्हें मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ तथा दरवाजा खुला मिला। भीतर जाने पर पता चला कि कमरे में रखे बेड का सामान भी (शेष पृष्ठ-3 पर)

सहायक कमांडेंट की चेन चोरी

वहीं थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-28 में रहने वाली केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सहायक कमांडेंट अनिता जोशी ने घर से सोने की चेन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनिता जोशी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने निठारी में रहने वाली पुष्पा को बीते 18 मार्च को घरेलू कामकाज के लिए रखा था। 5 दिन काम करने के बाद उसने काम पर आना बंद कर दिया। उन्होंने कई बार उसे फोन भी किया लेकिन उसने फोन पिक नहीं किया। संदेह होने पर उन्होंने अपनी अलमारी को चेक किया तो पता चला कि उसमें से सोने की चेन गायब है। उन्होंने संदेह जताया कि घरेलू कार्य के लिए रखी गई पुष्पा ने उनकी सोने की चेन चोरी की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

3 अंतर्राज्यीय वाहन चोर दबोचे

चोरी की 3 स्कूटी तथा 15 बाइक बरामद

नोएडा (चेतना मंच)। क्राइम रिस्पांस टीम और थाना सेक्टर-142 पुलिस की टीम ने वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 17 दो पहिया वाहन बरामद किए हैं।

डीसीपी क्राइम (स्टाफ ऑफिसर) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि क्राइम रिस्पांस टीम को सूचना मिली कि वाहन चोरी करने वाले गैंग के सदस्य सेक्टर-142 में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर क्राइम रिस्पांस टीम ने थाना सेक्टर 142 पुलिस के साथ मिलकर कार्यवाही करते हुए तीन वाहन चोरों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए वाहन चोरों ने अपने नाम नईम उर्फ रहीम, इमरान व जुल्फिकार बताया। इनके निशानदेही पर अलग-अलग थाना क्षेत्र से चोरी की गई दो स्कूटी व15 बाइक के बरामद की गई।

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी शातिर वाहन चोर हैं और विभिन्न राज्यों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। आरोपियों के खिलाफ कई मुकदमे पंजीकृत हैं। पकड़े गए आरोपी वाहन चोरी के बाद उनको निर्माणाधीन इमारत के पास छिपा देते थे। पकड़े गए आरोपियों ने दर्जनों वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

सेल्समैन की हत्या करने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के न्यू हैबतपुर में शराब न देने के विवाद में वाइन शॉप के सेल्समैन की

गोली मारकर हत्या करने की वारदात का खुलासा करते हुए थाना बिसरख पुलिस ने आज मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

गैंगस्टर में वांछित को दबोचा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना रबूपुरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि थाने से गैंगस्टर एक्ट में वांछित शाहरुख तिरथली कट पर खड़ा हुआ है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत बताए गए स्थान पर छापा मारकर शाहरुख को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि शाहरुख को पुलिस ने पूर्व में जिला बदर भी किया था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

फर्जी बैनामा कर करोड़ों हड़पने के आरोप में 6 लोगों पर मुकदमा

नोएडा (चेतना मंच)। जमीन का फर्जी बैनामा कर करोड़ों रुपए हडपने के आरोप में 6 लोगों के खिलाफ थाना फेस-3 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जालसाजो के शिकार 3 पीड़ितों ने न्यायालय के निर्देश पर यह मुकदमा दर्ज कराए हैं।

भीम कॉलोनी बख्तावरपुर दिल्ली निवासी सुरेंद्र कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके बहनोई ब्रज गोपाल की सेक्टर-66 में पेट की दुकान है। इस दुकान पर अमित राजपूत, फुरकान, वसीम, रोहित वर्मा, प्रमोद, विनोद आदि का आना-जाना था। इन लोगों ने उसके बहनोई ब्रिज गोपाल के साथ साजिशन गहरे संबंध बना लिए थे। आरोपियों ने उन्हें बताया कि उनके पास ग्राम गढ़ी चौखंडी में आबादी की भूमि है जो नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण नहीं की गई है। वह इस भूमि को बेचना चाहते हैं। पीड़ित के मुताबिक 3432 वर्ग मीटर जमीन का सौदा 2 करोड़ 18 लाख 50000 में तय हुआ। आरोपियों ने उनके नाम 6 बैनामे कर उनसे एक करोड़ 88 लाख 50000 नगद तथा बाकी का पैसा चेक द्वारा ले लिया। प्लॉट की रजिस्ट्री कराने पर भी उनके 27 लाख रुपए से अधिक खर्च हो गए। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि आरोपियों ने उनके नाम फर्जी बैनामे किए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

दो शातिर बदमाश गैंगस्टर में निरूद्ध

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। गैंगस्टर एक्टर में निरुद्ध किए गए बदमाश संगठित गिरोह बनाकर लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

थाना प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला ने बताया कि कल्याणपुरी नई दिल्ली निवासी सचिन उर्फ सच्चू व निशांत कुमार को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया गया है। गैंगस्टर में निरुद्ध किए गए दोनों बदमाश शातिर लुटेरे हैं और संगठित गिरोह बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। आरोपियों के खिलाफ नोएडा, गाजियाबाद में लूट सहित विभिन्न अपराधों के कई मामले दर्ज हैं।

अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

नोएडा (चेतना मंच)। थाना जारचा पुलिस ने अवैध हथियारों के सप्लायर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से बड़ी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुए हैं। सप्लायर का एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा।

थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस छायसाके पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस टीम ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

हर तीसरे दिन साफ-सफाई का जायजा लेने सड़कों पर उतरें वरिष्ठ अधिकारी : सीईओ

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने निर्देशित किया गया प्राधिकरण के समस्त विभागों के महाप्रबंधक, एप महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक प्रत्येक तीन दिन में अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगें। दरअसल शहर में सिविल और उद्यान के कार्यो को लेकर सोमवार को सीईओ ने एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में एसीईओ संजय कुमार खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल डीजीएम सिविल विजय रावल व वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद रहे।

बैठक में एसीईओ संजय खत्री ने हाल के दिनों में किए गए निरीक्षण के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की निविदाकारों द्वारा न्यूनतम दरे डालने के दृष्टिगत 10 प्रतिशत से कम दरें डालने की दशा में परफोरमेंस गारेंटी प्राप्त किए जाने पर विचार किया जा रहा है। वर्क सर्किलों के अंतर्गत नाली और सड़क निर्माण के संबंधित डिजाइन उपलब्ध नहीं कराए जाता जिससे कार्या के निरीक्षण के दौरान सटीक तथ्य पता नहीं चल पाता है। कार्य की कार्य कुशलता बहुत कम देखने को मिल रही है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग ऑफिसर/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के समक्ष नेताओं के साथ नामांकन दाखिल करते बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी।

रूख बदलें तभी शांति !

यूक्रेन ने रूस के साथ चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के लिए भारत के सुझाए शांति फार्मूले पर भरोसा जताया है। इन दिनों यूक्रेन के विदेशमंत्री भारत की यात्रा पर हैं और उन्होंने भारतीय विदेशमंत्री के साथ बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग और समग्र संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। रूस-यूक्रेन संघर्ष को दो वर्ष से अधिक समय हो गया, मगर तमाम प्रयासों के बावजूद उस पर रोक नहीं लग सकी है। किसी न किसी बहाने, कुछ-कुछ अंतराल पर रूस हमले तेज कर देता है। वह दो बार परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की धमकी भी दे चुका है। हालांकि यूक्रेन शुरू से रूस के साथ बातचीत की इच्छा जाहिर करता रहा है, मगर रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की अपनी सदस्यता वापस ले ले, तभी कोई बातचीत हो सकती है। इस मामले में भारत ने भी कई बार दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से प्रत्यक्ष रूप से और फोन पर बातचीत की है। यूक्रेन शुरू से भारत के शांति फार्मूले पर अमल के पक्ष में रहा है, पर रूस अपने रुख में किसी तरह का लचीलापन नहीं दिखाता, इसलिए संघर्ष विराम की कोई सूरत नहीं निकल पाई है। भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से मधुर संबंध हैं। रूसी राष्ट्रपति ने शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान भी हमारे प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया था कि वे यूक्रेन पर हमले रोकेंगे, मगर वहां से वापस लौट कर उन्होंने हमले और तेज कर दिए थे। रूस अब तक यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। वहां भारी तबाही हुई है। दस लाख से ऊपर लोग निर्वासित हो चुके हैं और करीब इतने ही लोग अपनी ही जमीन पर एक तरह से यातना शिविर में रहने को अभिशप्त हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस तबाही को रोकने की कोशिश की, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल सकी। दुनिया के तमाम देशों को लगता है कि अगर भारत मध्यस्थता करे, तो इसका हल निकल सकता है। मगर अड़चन रूस की तरफ से आ खड़ी होती है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन बातचीत में तो ऐसा जाहिर करते हैं कि वे यूक्रेन पर हमले रोकने को तैयार हैं, मगर व्यवहार में ऐसा कुछ भी करते नजर नहीं आते। दरअसल, यूक्रेन पहले रूस का ही हिस्सा हुआ करता था, पर अलग होकर स्वतंत्र देश बन गया था। अब उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली है। रूस इसी को लेकर नाराज है। उसे लगता है कि इससे यूरोपीय देश बिल्कुल उसकी सीमा पर आ खड़े हुए हैं। रूस ने यूक्रेन को नाटो की सदस्यता लेने से रोका था, पर वह नहीं माना। उसे अपनी सुरक्षा सर्वोपरि नजर आती है। अब रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता छोड़ दे। मगर यूक्रेन इसके लिए तैयार नहीं है। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि अगर यूक्रेन भी अपने फैसले पर अडिग रहेगा और रूस भी अपनी शर्तों पर अड़ा रहेगा, तो शांति का फार्मूला लागू कैसे हो पाएगा। भारत सदा से शांति का पक्षधर रहा है, इसलिए जैसे ही दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ, उसने इसे रोकने की हर कोशिश की। वह दोनों देशों के बीच मध्यस्थता को सदा तत्पर है, मगर शांति के लिए जरूरी है कि दोनों पक्ष अपने रुख में लचीलापन लाएं। यह कैसे संभव होगा, देखने की बात है। फिर भी भारत से ही कोई व्यावहारिक रास्ता निकालने की उम्मीद की जा रही है।

आरएसएस की स्थापना के अलावा महान क्रांतिकारी थे डॉ केशव हेडगेवार

जन्मदिन पर विशेष

आज ही के दिन यानी की 01 अप्रैल को डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। वह एक ऐसे शख्स हैं, जिनको लोग राष्ट्रीय स्वयं सेवक के संस्थापक के तौर पर जानते हैं। हेडगेवार ने देश की आजादी और देश की सेवा को ही अपना सब समझा था।

कई बार कोई शख्स अपने काम से अपनी पहचान इतनी अधिक बनाता है कि उसका पूरा व्यक्तित्व और इतिहास उसी में छिप जाता है। बता दें कि डॉ केशव बलिराम हेडगेवार एक ऐसे ही शख्स हैं, जिनको आमतौर पर लोग राष्ट्रीय स्वयं सेवक के संस्थापक के तौर पर जानते हैं। हांलाकि यह उनका पूरा परिचय नहीं है। उन्होंने अपने दौर में आजादी की लड़ाई में भी योगदान दिया था। आज ही के दिन यानी की 01 अप्रैल को डॉ हेडगेवार का जन्म हुआ था और 21 जून 1940 को डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का निधन हो गया। वह एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने देश की आजादी और देश की सेवा को ही अपना सब समझा था।

आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में।

नागपुर में तेलुगु बोलने वाले देशस्थ ऋग्वेदी सामान्य ब्राह्मण परिवार में 01 अप्रैल 1889 को हेडगेवार का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम बलिराम पंत हेडगेवार और माता का नाम रेवतीबाई था। इन्होंने शुरूआती शिक्षा नील सिटी हाई स्कूल नागपुर से की। एक दौरान अंग्रेज अधिकारी के निरीक्षण के दौरान हेडगेवार ने वंदे मातरम गाया। जिसके बाद उनको स्कूल से निष्कासित कर दिया गया था।

इसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई यवतमाल और फिर पूणे में किया। वहीं मैट्रिक की परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने कलकत्ता से डॉक्टरी की पढ़ाई की। बहुत कम लोगों को इस बारे में जानकारी है कि वह एक क्रांतिकारी भी रहे। उनके बारे में बताया जाता है कि वह काफी समय तक कांग्रेस में समर्पित भाव से सक्रिय थे। डॉक्टरी की शिक्षा पूरी करने के बाद हेडगेवार बंगाल की अनुशीलन समिति में भी शामिल हुए थे।

बता दें कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को देश भर में क्रांतिकारी सामग्री और शस्त्र आदि के वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बताया जाता है कि हेडगेवार ने अनुशीलन समिति के अनुभवों से ही संगठनात्मक क्षमता सीखी थी। लेकिन जल्द ही वह अनुशीलन समिति से दूर हो गए। तब उनको महसूस हुआ कि लोगों को क्रांतिकारी गतिविधियों के जरिए लोगों को जोड़ना काफी मुश्किल है। इसलिए उन्होंने कांग्रेस से जुड़ने का निर्णय लिया। जिससे कि वह लोगों को देश की आजादी से जोड़ सकें।

साल 1925 को डॉ हेडगेवार ने दशहरे के दिन आरएसएस की स्थापना की। इस संघ की स्थापना का मुख्य लक्ष्य हिंदु समुदाय का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनरुत्थान था। जिसके माध्यम से एकीकृत भारत की स्वतंत्रता को प्राप्त किया जा सके। जब कांग्रेस ने साल 1929 में लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वतंत्रता का लक्ष्य अपनाया, तो हेडगेवार की खुशी का कोई ठिकाना न रहा। तब 26 जनवरी 1930 को ठीक कांग्रेस की तरह ही संघ ने भी स्वतंत्रता दिवस मनाया। स्वतंत्रता आंदोलन और हिंदुओं के जागरण का अपना काम और समर्पण डॉ हेडगेवार और उनके संघ ने अपने तरीकों से जारी रखा। - **अनन्या मिश्रा**

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे गरुड़जी ! उनसे मैं श्री रामजी के गुणों की कथाएँ पूछता। वे कहते और मैं हर्षित होकर सुनता। इस प्रकार मैं सदा-सर्वदा श्री हरि के गुणानुवाद सुनता फिरता। शिवजी की कृपा से मेरी सर्वत्र अबाधित गति थी (अर्थात मैं जहाँ चाहता वहीं जा सकता था)॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

छूटी त्रिबिधि ईषना गाढ़ी। एक लालसा उर अति बाढ़ी॥
राम चरन बारिज जब देखौं। तब निज जन्म सफल करि लेखौं॥

मेरी तीनों प्रकार की (पुत्र की, धन की और मान की) गहरी प्रबल वासनाएँ छूट गईं और हृदय में एक यही लालसा अत्यंत बढ़ गई कि जब श्री रामजी के चरणकमलों के दर्शन करूँ तब अपना जन्म सफल हुआ समझूँ॥

जेहि पूँछउँ सोइ मुनि अस कहई। ईस्वर सर्ब भूतमय अहई॥
निर्गुन मत नहिं मोहि सोहाई। सगुन ब्रह्म रति उर अधिकाई॥

जिनसे मैं पूछता, वे ही मुनि ऐसा कहते कि ईश्वर सर्वभूतमय है। यह निर्गुण मत मुझे नहीं सुहाता था। हृदय में सगुण ब्रह्म पर प्रीति बढ़ रही थी॥

(काकभुशुण्डिजी का लोमशजी के पास जाना और शाप तथा अनुग्रह पाना)

दो0- गुर के बचन सुरति करि राम चरन मनु लाग।
रघुपति जस गावत फिरउँ छन छन नव अनुराग॥

गुरुजी के वचनों का स्मरण करके मेरा मन श्री रामजी के चरणों में लग गया। मैं क्षण-क्षण नया-नया प्रेम प्राप्त करता हुआ श्री रघुनाथजी का यश गाता फिरता था॥

मेरु सिखर बट छायाँ मुनि लोमस आसीन।
देखि चरन सिरु नायउँ बचन कहेउँ अति दीन॥

सुमेरु पर्वत के शिखर पर बड़ की छाया में लोमश मुनि बैठे थे। उन्हें देखकर मैंने उनके चरणों में सिर नवाया और अत्यंत दीन वचन कहे॥

सुनि मम बचन बिनीत मृदु मुनि कृपाल खगराज।
मोहि सादर पूँछत भए द्विज आयहु केहि काज॥

हे पक्षीराज! मेरे अत्यंत नम्र और कोमल वचन सुनकर कृपालु मुनि मुझसे आदर के साथ पूछने लगे- हे ब्राह्मण! आप किस कार्य से यहाँ आए हैं॥ (क्रमशः....)

व्यंग्य — थोडा सा तनाव जरूरी होता है

तनाव भरी इस दुनिया में कोई भी किसी का न हुआ। जिंदगी और दुनिया में बढ़ते तनाव से निबटने के लिए अनेकानेक फार्मूले ईजाद किए गए हैं। वह बात दीगर है कि उनमें से ज्यादातर फेल हो गए हैं। ज्यादा और बढ़ते काम के दबाव से मानवीय शरीर और दिमाग पर कसते तनाव को ढीला करने के उपदेश देते देते लाखों लोग राहत विशेषज्ञ बन गए हैं। लाखों कमा रहे हैं, लेकिन उन्हें भी यह तनाव रहने लगा है कि लोगों का तनाव कम हो जाने या इस लाभ क्षेत्र में उनसे और बेहतर विशेषज्ञ आने से उनकी कमाई कम न हो जाए।



कुदरत के बीच, व्यायाम या संगीत का साथ तनाव घटाने के पारम्परिक तरीके बताए गए हैं लेकिन कुर्बान जाऊं विदेशी अनुसंधान व अध्ययन के तरीकों पर जो हमेशा नए अंदाज में होते हैं। उनके नए अध्ययन के अनुसार तनाव को नियंत्रित करने का तरीका बेहतर हो तो मुश्किल वक्त में तनाव, इंसान को ताकत देने का काम करता है। चुनौतियों से निबटने के लिए तैयार करता है। उनकी बात में सही बात छिपी हुई है। किसी हीरो की फिल्म फ्लॉप हो जाए और वो अगली फिल्म की शूटिंग शुरू होने के बीच, सकारात्मक सोचकर उचित व्यायाम, चिंतन और सही खान पान अपनाए रखते हुए प्रयास जारी रखे तो फिट रह सकता है। अगली फिल्म में बेहतर काम कर सकता है और निश्चित रूप से सफल भी हो सकता है। अपने कैरियर के दौरान उसे सफलता को सिर पर न चढाने और असफल होने की स्थिति में परेशान न होने की सोच विकसित करनी होगी। दोनों स्थितियों में सामान्य रहना उसे तनाव से दूर रख सकता है।

तनाव पर अध्ययन करने वालों ने यह राज जाहिर किया कि जीवन के उतार चढाव से जूझना सेहत के लिए बेहतर रहता है। तनाव से रोग प्रतिरोधक क्षमता सुधरती है। उनकी यह बात ठीक लगती है। हमारे यहां अधिकांश लोगों की बढ़िया इम्युनिटी होने की वजह, उनके जीवन में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और आर्थिक तनाव का निरंतर रहना है। बात बिलकुल सही है। यह सचमुच जीवन का जरूरी हिस्सा है। तनाव के दौरान संयम बरतने वाले, संयत प्रतिक्रिया देने वाले सेहतमंद रहते हैं। उदाहरण के तौर पर हमारे नेता दिन रात तनाव में लिपटे रहते हैं लेकिन सफेद कपडे पहन, झूठ बोलकर, नकली मुस्कुराहटें देकर, शांत बने रहते हैं। अगर तनाव न हो तो इंसान में लचीलापन विकसित नहीं हो सकता। अध्ययन के मुताबिक व्यायाम भी एक तरह का तनाव ही है जो शरीर को मजबूत बनाता है। हर एक दोस्त के जरूरी होने की तरह तनाव भी लाजमी है। थोडा सा तनाव रखना जरूरी समझिए और बार बार गुनगुनाते रहिए थोडा सा तनाव जरूरी होता है.....ताकि तनाव महसूस न हो।

- संतोष उत्सुक

> *कुदरत के बीच, व्यायाम या संगीत का साथ तनाव घटाने के पारम्परिक तरीके बताए गए हैं लेकिन कुर्बान जाऊं विदेशी अनुसंधान व अध्ययन के तरीकों पर जो हमेशा नए अंदाज में होते हैं। उनके नए अध्ययन के अनुसार तनाव को नियंत्रित करने का तरीका बेहतर हो तो मुश्किल वक्त में तनाव, इंसान को ताकत देने का काम करता है।*

राशिफल

चैत्र कृष्ण : अष्टमी | **(विक्रम संवत् 2080)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी। व्यापार बहुत अच्छा होगा।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि की शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। लेकिन खर्च की स्थिति कर्ज की स्थिति ला सकती है।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा का संयोग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
कन्या राशि वालों को चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। आपके सामने नरमस्तक होंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा है।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है और व्यापार बहुत अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
घरेलू सुख बढ़-चढ़कर बढ़ेगा। घर में कुछ उत्सव संभव है। मां के स्वास्थ्य में सुधार होगा। भूमि और वाहन की खरीदारी होगी।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोई नए कार्य की शुरुआत हो सकती है। अपनों का साथ होगा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
स्वास्थ्य में बहुत सुधार होने की गुंजाइश है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा,व्यापार बहुत अच्छा, धन का आगमन दिख रहा है

प्रबुद्ध सम्मेलन की सफलता पर प्रणीत भाटी ने जताया आभार

नोएडा (चेतना मंच) कल जीएल बजाज कॉलेज में संपन्न हुए

प्रबुद्ध सम्मेलन की सफलता पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं लोकसभा गौतमबुद्धनगर के संयोजक प्रणीत भाटी ने लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया है।

बता दें कि जीएल बजाज कॉलेज में प्रबुद्ध सम्मेलन का भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे।

कार्यक्रम की सफलता पर पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी ने लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया है हम उसके लिए आभारी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

अमित भाटी बने लोकसभा प्रवासी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं

पश्चिमी प्रदेश किसान मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी अमित भाटी एडवोकेट को बुलंदशहर लोकसभा का प्रवासी बनाया गया है। उनके बुलंदशहर लोकसभा प्रवासी बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

सर्व विदित हो कि अमित भाटी काफी समय से भारतीय जनता पार्टी में कई अहम पदों पर रह चुके हैं और उनकी एक जुझारू कार्यकर्ताओं के रूप में गिनती की जाती है।

जीएल बजाज शिक्षण संस्थान में कल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर ने स्वागत किया।

सड़क निर्माण में गड़बड़झाला, ग्रामीण करेंगे सीईओ से शिकायत

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण द्वारा शहदरा गांव में बिछाई जा रहे सड़कों की जाल में स्थानीय जेई सुरेंद्र वर्मा एवं शकुंतला कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार की मिलीभगत से सड़कों के निर्माण में भारी गड़बड़ झाला किया जा रहा है। यह आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

ग्रामीणों ने कहा है कि इस बात की शिकायत नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से भी की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि शहदरा गांव में स्थित तालाब के बगल में बन रही सड़क में न जाल बिछाया गया और सीवर लाइन को भी पूरी तरह से ढक दिया गया जिससे बरसात के समय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

भाजपा नेता पिंकी पंडित ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस बात की शिकायत स्थानीय जेई सुरेंद्र वर्मा से की गई तो उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की।

यहां वही बात दर्शाती है कि भाजपा सरकार एक तरफ जनता की शिकायतों को गंभीरता से ले रही है वहीं सरकार एवं बड़े अधिकारियों के मातहत पूरी तरह निरंकुश हो चुके हैं। जब इस संबंध में ग्रामीणों से बात की गई तो ग्रामीणों ने कहा कि मानक के अनुरूप सड़कों का निर्माण नहीं हो रहा है सड़कों के निर्माण घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि जो सड़क बन रही है वह एक बरसात भी नहीं झेल पाएगी। ग्रामीण ने कहा कि जेई सुरेंद्र वर्मा एवं शकुंतला कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार की मनमानी की शिकायत बड़े अफसरों से होगी।

जयप्रकाश प्रजापति बने सरस्वती शिशु मंडल के प्रभारी

ओबीसी मोर्चा ने घोषित किए आठो मंडल के प्रभारी

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ने आठो मंडलों में अपने प्रभारी घोषित कर दिये हैं। यह जानकारी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष उमेश पहलवान ने दी है।

उन्होंने बताया कि ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश प्रजापति को सरस्वती शिशु मंडल का प्रभारी बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता को सैनिक विहार मंडल, मनोज प्रधान को शहीद भगत सिंह, सुधीर अवाना को पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल, यश नागर को कृष्ण नगर मंडल तथा उपाध्यक्ष राम किशन यादव को श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल का प्रभारी बनाया गया है।

उमेश पहलवान ने बताया कि जिला महामंत्री सतेन्द्र सिरोही को महाराणा प्रताप मंडल तथा भगत भाटी को अटल बिहारी वाजपेयी मंडल का प्रभारी बनाया गया है।

परीक्षा परिणाम घोषित, बच्चों को दी शील्ड

दनकौर (चेतना मंच)। एस.एस.डी.कॉन्वेंट स्कूल दनकौर में नर्सरी से लेकर कक्षा- 8वीं तक वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इसी के साथ ही पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को और कंप्यूटर में कुशल बच्चों, स्पोर्ट्स में कुशल बच्चों को तथा उनके माता-पिता समित शील्ड, गिफ्ट तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने पुरस्कार मिलने पर अपार प्रसन्नता एवं गौरवान्वित महसूस किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक ए.पी.सिंह तथा यशपाल कसाना ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का प्रारम्भ किया। साथ ही साथ बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और प्रोग्राम के संचालन सचिन मालिक और संतोषलताने किया तथा स्कूल के समस्त स्टाफ एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।



कल जीएल बजाज कॉलेज में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन कसे संबोधित करते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी। फोटो : चेतना मंच

पृष्ठ एक के शेष....

नीयत सही होती है...

पहले बैंक में खाता तक नहीं थे। भाजपा सरकार ने 35 लाख लोगों के बैंक खाते खुलवाए और उन्हें बैंकों से जोड़ा। कहा कि इतने सारे काम तब होते हैं जब नीयत सही होती है। इसलिए मैं कहता हूं नियत सही तो नतीजे भी। पीएम मोदी ने कहा कि हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है, केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। दस साल में जितना विकास हुआ आज तक नहीं हुआ। 12 लाख घरों को पानी कनेक्शन दिया। तीन लाख को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। 35 लाख लोगों को बैंक खाते खोले गए। छोटे किसानों के खाते में किसान निधि दी। नियत सही होती है तो काम ऐसे ही होते हैं। नियत सही तो नतीजे भी सही।

मैदान में बैठे लोगों को धूप लगने पर पीएम मोदी ने कहा कि भीड़ के लिए पंडाल छोटा पड़ गया है। जितने लोग अंदर बैठे हैं उससे ज्यादा लोग बाहर धूप में तप रहे हैं। हमारी व्यवस्था में कुछ कमी रही इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। आपको विश्वास दिलाता हूं कि धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा। मैं इसे विकास कर करके लौटा दूंगा।

'आप के 4 नेताओं की....

हम भाजपा की इन धमकियों से नहीं डरने वाले हैं। आप का एक एक नेता और कार्यकर्ता देश सेवा के लिए तैयार है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 31 मार्च को जो रामलीला मैदान में दिखा। उससे भाजपा के होश उड़ गए हैं। भारत के विपक्षी पार्टियों के बड़े नेता उस मंच पर एकत्रित हुए थे। हम लोगों ने सभी नेताओं को फोन करके यहां आने को कहा था। भाजपा को लग रहा है हमने सब कुछ कर लिया। लेकिन यह पार्टी अभी भी खड़ी है।

भाजपा ने लगाए गंभीर आरोप

वहीं, भाजपा ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने जानबूझकर आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज का नाम शराब घोटाले में लिया है। पार्टी के अनुसार, यह सुनीता केजरीवाल का राजनीतिक रास्ता साफ करने की कोशिश है।

थाना प्रभारी निरीक्षक के....

बिखरा हुआ पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर उनके घर से सोने का सेट, सोने की दो चेन, झुमकी, पायल, भगवान लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, चांदी के सिक्के,50 हजार रूपए ,कपड़े और गाड़ी का ऑडियो सिस्टम व अन्य सामान चोरी कर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत थाना सूरजपुर पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

अभद्र टिप्पणी करने पर ....

इस बात का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज कर गलत नियत से उसे छूने का प्रयास किया। उसने जब इस बात की शिकायत आकाश के परिजनों से की तो उन्होंने जबरन उसके घर में घुसकर उसके परिजनों के साथ मारपीट की। 16 नवंबर को वह मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थी। इस दौरान आकाश और उसके तीन दोस्तों ने उसे गाड़ी में खींचकर अपहरण करने का प्रयास किया। गाड़ी में डालने के बाद आरोपियो ने उसके साथ मारपीट की और बलात्कार करने की नीयत से उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश की। शोर शराबा सुनकर एक कार चालक ने गाड़ी रोकने का इशारा किया जिसके बाद आरोपी उसे चलती कार से फेंक कर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक उसने इसकी शिकायत थाना दादरी पुलिस से की लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। न्यायालय के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में थाना दादरी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

फर्जी बैनामा कर ....

बुराड़ी दिल्ली निवासी गीता देवी ने भी अमित राजपूत, फुरकान, वसीम, रोहित वर्मा, प्रमोद, विनोद, सुरेश के खिलाफ जमीन के दो फर्जी बैनामे कर एक करोड़ 18 लाख रुपए हडपने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम रायपुर खादर सेक्टर 126 नोएडा निवासी युद्धवीर ने अमित राजपूत, फुरकान, वसीम, गुलफाम, रोहित वर्मा, प्रमोद, विनोद के खिलाफ जमीन का फर्जी बैनामा कर पैसे हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों के खिलाफ यह तीनों मुकदमे न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुए हैं।

हर तीसरे दिन ....

इस पर सीईओ ने निर्देशित किया कि कार्य के प्रस्ताव से लेकर शुरू होने और पूर्ण होने तक एसओपी विकसित की जाने की कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि फुटपाथ की ऊचाई एक फीट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

अवैध हथियारों का.....

रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भाग निकले। हड़बड़ी में बाइक अनियंत्रित होकर फसल कर गिर गई। पुलिसकर्मियों ने बाइक चालक को दबोच लिया जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। इसके पास से 9 तमंचे, एक राइफल, एक पोनी बंदूक, 12 कारतूस, पांच चाकू बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम जावेद पुत्र जमात इलाही निवासी मोती कॉलोनी बुलंदशहर थाना कोतवाली हापुड़ बताया। जावेद ने बताया कि चुनाव के समय अवैध हथियारों की मांग बढ़ जाती है इसलिए वह बदमाशों को ऊंचे दामों पर अवैध हथियार उपलब्ध कराने का काम करता है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए जावेद पर हापुड़ गौतमबुधनगर आदि में 15 मुकदमे दर्ज हैं। जावेद से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह अवैध हथियार कहां से लाता था और किन-किन बदमाशों को उसने अवैध हथियार बेचे हैं। जावेद के फरार साथी की भी तलाश की जा रही है।

सेल्समैन की हत्या...

मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। इसके पास से तमंचा कारतूस व बाइक बरामद हुई है। पकड़ा गया बदमाश व उसके साथी फाइनेंस की गाड़ियों की रिकवरी का काम करते हैं। सेंट्रल जोन के एडीसीपी ह्देश कठेरिया ने बताया कि थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ चार मूर्ति के पास संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने बाइक पर आ रहे एक युवक को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार मोटरसाइकिल मोड कर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा करने पर उसने बाइक से उतरकर पुलिसकर्मियों पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। बदमाश के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अतुल पुत्र विनोद निवासी ग्राम मुंडी बकापुर थाना औरंगाबाद जनपद बुलंदशहर बताया। अतुल ने बताया कि वह उसका साथी प्रीत आदि फाइनेंस की गाड़ियों की रिकवरी का काम करते हैं। 31 मार्च की रात्रि को वह फाइनेंस की गाड़ियों की रिकवरी के लिए घूम रहे थे। देर रात वह न्यू हैबतपुर में शराब के ठेके पर पहुंचे तो वह बंद मिला। उन्होंने ठेके के पास बने कमरे में सोए सेल्समैन हरिओम नागर से शराब मांगी तो उसने शराब देने से इनकार कर दिया। इस बात से गुस्सा होकर उन्होंने हरिओम नागर को गोली मार दी और फरार हो गए। गोली लगने से हरिओम नागर की मौत हो गई। एडीसीपीने बताया कि पकड़े गए बदमाश के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। अतुल के साथी प्रीत व अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं पूनम कुमारी पत्नी श्री संजय कुमार सिंह, पता- II-455 अल्फा-02 , ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मैंने अपना नाम बदलकर अनु सिंह से पूनम कुमारी कर लिया है। भविष्य में मुझे पूनम कुमारी के नाम से जाना जाए।

सार्वजनिक सूचना

मैं अजय कुमार पुत्र श्री विजयपाल सिंह निवासी- 260/10 हनुमानपुर, दादरी, जनपद -गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि अजय कुमार तथा अजय दोनों ही मेरे नाम हैं। ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम अजय लिखा है तथा आधार कार्ड में अजय कुमार दोनों ही मेरे नाम हैं। इसलिए मुझे दोनों ही नाम से जाना जाए।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

होली विशेष रेलगाड़ियों का विस्तार

होली के उपरान्त यात्रियों की संख्या को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

रेलगाड़ी संख्या	से	तक	प्रस्थान के दिन	पूर्व अधिसूचित	विस्तारित तिथि
03239	राजगीर	आनन्द विहार (ट)	वीरवार	31.03.24	04.04.2024 को
03240	आनन्द विहार (ट)	राजगीर	शुक्रवार	01.04.24	05.04.2024 को
05575	सहरसा जं.	आनन्द विहार (ट)	शुक्रवार	01.04.24	05.04.2024 को
05576	आनन्द विहार (ट)	सहरसा जं.	शनिवार	02.04.24	06.04.2024 को
05561	समस्तीपुर जं.	आनन्द विहार (ट)	शुक्रवार	02.04.24	05.04.2024 को
05562	आनन्द विहार (ट)	समस्तीपुर जं.	शनिवार	03.04.24	06.04.2024 को
04095	पटना जं.	नई दिल्ली	मंगलवार	30.03.24	02.04.2024 को
04073	गया जं.	आनन्द विहार (ट)	मंगलवार	31.03.24	02.04.2024 को
03639	गया जं.	आनन्द विहार (ट)	वीरवार	—	04.04.2024 को
03640	आनन्द विहार (ट)	गया जं.	शुक्रवार	—	05.04.2024 को

● अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

962/2024

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खास खबर

नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो प्रीमियर के लिए तैयार

नई दिल्ली। आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ! नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो 30 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें हर शनिवार रात 8 बजे नए एपिसोड आएंगे। इस वीकेंड, शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि मशहूर कपूर परिवार है, जिसे बॉलीवुड का सबसे प्रसिद्ध परिवार कहा जाता है। भाई-बहन रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी अपनी खूबसूरत मां नीतू कपूर के साथ गपशप करते नज़र आएंगे और कपिल और पूरी टीम पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत करेगी। बी-टाउन में नवीनतम पिता, रणबीर कपूर ने जब राहा के बारे में बात की, तो उनके एक्सप्रेशन ने सब कुछ कह दिया। अपने बेटे रणबीर के एक प्यारे पिता के रूप के बारे में बताते हुए, नीतू कपूर ने कहा, ÷जब भी राहा कमरे में आती है, तो आपको रणबीर का चेहरा देखना चाहिए, यह भावों से भरा होता है। वह बहुत उत्साहित होता है। मैं आपको बताना चाहूंगी कि मैंने कई पिता देखे हैं लेकिन मैंने उसके जैसा कोई नहीं देखा। राहा इसे ढूंढती रहती है और उसे अपने पिता के साथ खेलना पसंद है। जब रणबीर से पूछा गया कि क्या उन्हें डायपर बदलने का पर्याप्त अनुभव है, तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह डकार दिलाने के विशेषज्ञ हैं!

वर्तमान उच्च ब्याज दरें इसे पेंशन उत्पाद में निवेश करने का सही समय बनाती हैं

सतना। कई बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में भारत में ब्याज दरों में लगभग 7प्रतिशत के मौजूदा स्तर से गिरावट आएगी, जिससे ग्राहकों को वार्षिकी उत्पाद में वर्तमान ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने का मौका मिलेगा। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी वार्षिकी उत्पादों में सबसे अलग है क्योंकि यह ग्राहकों को व्यवस्थित निवेश करके सेवानिवृत्ति निधि बनाने में मदद करता है। यह सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित और स्थिर आय सुनिश्चित करता है, जो भारत जैसे बाजार में विशेष रूप से फायदेमंद है जहां ब्याज दरों में गिरावट की भविष्यवाणी की जाती है। इसके अतिरिक्त, इस योजना का एक संस्करण एक अनूठी सुविधा प्रदान करता है जो भुगतान किए गए सभी प्रीमियमों का 100प्रतिशत रिफंड प्रदान करता है, जिससे यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा उत्पाद बन जाता है। तो अब वार्षिकी उत्पाद में निवेश करने से ग्राहकों को कैसे लाभ होता है? पेंशन या वार्षिकी उत्पाद जो केवल जीवन बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाते हैं, गारंटीशुदा नियमित आजीवन आय प्रदान करते हैं। ब्याज दर खरीद के समय ही लॉक-इन कर दी जाती है। सेवानिवृत्त लोग एक स्थिर आय पसंद करते हैं जो ब्याज दर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित न हो, वार्षिकी या पेंशन उत्पाद सबसे अच्छा विकल्प हैं, जो नियमित आय प्रदान करते हैं जो उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने में सक्षम बनाते हैं। चूंकि आगे चलकर ब्याज दर में गिरावट की उम्मीद है, वार्षिकी उत्पाद खरीदने वाले ग्राहक मौजूदा ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने में सक्षम होंगे। आइए श्री प्रजापति का उदाहरण लें जिन्होंने शुरुआत में अपनी बचत रुपये का निवेश किया था। उन्होंने 8त्न ब्याज पर 1 करोड़ रुपये की जमा राशि अर्जित की, जिससे उन्हें मासिक 67,000 रुपये की कमाई हुई, जिससे एक आरामदायक जीवन शैली का समर्थन मिला। हालाँकि जब उन्होंने कुछ वर्षों के बाद अपनी जमा राशि को नवीनीकृत करने का प्रयास किया तो ब्याज दर गिरकर 6प्रतिशत हो गई, उनकी मासिक आय घटकर 50,000 रुपये रह गई, जिससे उनका जीवन स्तर प्रभावित हुआ। आइए देखें कि यदि श्री प्रजापति ने अपना पैसा किसी वार्षिकी उत्पाद में निवेश किया होता तो क्या होता। यह मानते हुए कि ब्याज दर 7प्रतिशत है, उसे लगभग जीवन भर 58,000 रुपये प्रति माह प्राप्त होगा। ब्याज दरों में किसी भी उतार-चढ़ाव के बावजूद यह स्थिर रहेगा।

सोना बनेगा 70 हजारी, सारे रिकॉर्ड तोड़कर नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचा भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। सोने-चांदी की कीमतें एक बार फिर आसमान छूने लगी हैं। आज इस वित्त वर्ष के पहले दिन एमसीएक्स पर सोना नया इतिहास रचते हुए 68830 रुपये के स्तर को पार गया। जबकि, चांदी भी 75692 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। दूसरी ओर, मध्य एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बढ़ने और ब्याज दरों पर अमेरिकी फेड की नरम रुख के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत आज 2,259 डॉलर प्रति औंस के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

सोने की हाजिर कीमत लगभग 2,233 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर सपाट खुली, लेकिन जल्द ही इसमें तेजी आई और यह 2,259 डॉलर के इंट्राडे हाई को छू गई, जो सोने के लिए एक नया रिकॉर्ड हाई है। दूसरी ओर सर्राफा मार्केट में 24 कैरेट गुरुवार को सोना 67252 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। जबकि, चांदी 74127 रुपये प्रति किलो की रेट से बंद हुई थी। एमसीएक्स पर सुबह साढ़े नौ बजे के करीब 22 कैरेट गोल्ड का 5 जून का वायदा भाव 1.79 फीसद की छलांग लगाकर 68914 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। जबकि, चांदी का 3 मई का वायदा भाव करीब एक फीसद ऊपर 75780 रुपये प्रति किलो था। केडिया एडवाइजरी के प्रसीडेंट अजय केडिया ने बताया कि सोना 70000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंचेगा। दिवाली 2023 के लिए सोने की कीमतों पर हमारी भविष्यवाणी नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई, जो हमारे सुझाए गए 59500 के स्तर से 14.28 प्रतिशत की बढ़त तक हैं।

गोल्ड लोन की धांधली में कई बड़ी कंपनियां शामिल

देश में पिछले कुछ समय से गोल्ड लोन बाजार में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। कई कंपनियां सोने की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर ग्राहकों को गिरवी रखे गए जेवर के बदले कम कर्ज दे रही हैं। इससे ग्राहकों को बड़ी चपत लग रही है। इसे लेकर वित्त मंत्रालय और आरबीआई ने इन कंपनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। ग्राहकों के लिए गोल्ड लोन लेते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है ताकि वह इन कंपनियों के जाल में न फंस पाएं।

धांधली में कई बड़ी कंपनियां शामिल

आरबीआई ने जांच में पाया है कि गोल्ड लोन देने में बैंकों और एनबीएफसी द्वारा नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। ये वित्त कंपनियां जानबूझकर सोने की कम कीमत आंक रही हैं, जिससे ग्राहकों को कर्ज की रकम कम मिल रही है। इस धांधली में कई नामी गोल्ड लोन कंपनियां शामिल हैं। इसका खमियाजा उन ग्राहकों को सबसे अधिक उठाना पड़ा है, जिन्होंने अपना सोना गिरवी रखकर कर्ज लिया है।

ब्याज दर और प्रोसेसिंग फीस शुल्क में भारी अंतर

कई गोल्ड लोन कंपनियां ग्राहकों से ज्यादा ब्याज दर वसूलती हैं। सरकारी बैंक 8.75 फीसदी से लेकर 11 फीसदी तक ब्याज वसूलते हैं, लेकिन एनबीएफसी कंपनियों की ब्याज दर 36 फीसदी तक है। वहीं, प्रोसेसिंग फीस में भी बड़ा अंतर हो सकता है। सरकारी बैंक 0.5 फीसदी या अधिकतम 5000 रुपये तक प्रोसेसिंग फीस ले सकते हैं। वहीं, एनबीएफसी कंपनियां एक फीसदी या इससे भी ज्यादा प्रोसेसिंग फीस वसूल सकती हैं।

ये गड़बड़ियां सामने आईं

कुछ कंपनियां ग्राहकों के सोने की कीमत कम आंक रही हैं। लोन-टू वैल्यु रेश्यो बताता है कि गिरवी रखे सोने के बदले अधिकतम कितना लोन मिल सकता है।

कुछ कंपनियां 22 कैरेट सोने के आभूषणों को 20 या 18 कैरेट का बता देती हैं। इससे सोने का मूल्यांकन कम हो जाता है और ग्राहक को कम लोन मिलता है।

मूल्यांकन कम होने से ग्राहक की लोन चुकाने की क्षमता भी प्रभावित होती है। अगर वह कर्ज न चुका पाए तो कंपनी उस सोने की नीलामी कर फायदा उठा लेती है।

ये सावधानियां बरत कर धांधली से बचें

1. सोने की गुणवत्ता की जांच कराएं
कई ज्वेलर्स मामूली शुल्क के साथ यह सुविधा देते हैं। यहां कैरेटोमीटर से सोने के कैरेट की जांच होती है और कैरेट सर्टिफिकेट मिलता है।

2. हॉलमार्क सोने का करें इस्तेमाल
अगर ग्राहक के पास हॉलमार्क ज्वेलरी होती है तो लोन लेते समय बेहतर सौदेबाजी की स्थिति में होता है। कैरेट सर्टिफिकेट होने पर कंपनियां ब्याज दरें कम कर देती हैं।

3. कर्ज देने वाले की विश्वसनीयता जांचें
इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि जहां से लोन ले रहे हैं, वह एक भरोसेमंद वित्तीय संस्थान हो। हाल ही कई संस्थानों की गड़बड़ियां पकड़ी गई हैं, जिन्होंने ग्राहकों को चपत लगाई है।

4. ब्याज दरों और अन्य शुल्क की तुलना करें :
कौन सा बैंक या वित्तीय संस्थान कितना ब्याज और शुल्क वसूल रहा है, इसकी तुलना करने के बाद ही गोल्ड लोन के लिए आवेदन करें। इसके लिए उनकी वेबसाइट पर जाकर ब्याज दरें पता कर सकते हैं।

5. शर्तों को ठीक से पढ़ें :
कई संस्थान लोन की ईएमआई सही समय पर नहीं मिलने पर हर महीने ब्याज दर बढ़ाते जाते हैं। इसलिए लोन लेने से पहले शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ना जरूरी है।

टाटा प्ले ने डिज़्नी स्टार के साथ गठबंधन में टाटा प्ले 4-के प्लेटफॉर्म सेवा पेश की

नई दिल्ली, एजेंसी। मनोरंजन में सबसे अच्छी गुणवत्ता की बढ़ती मांग के साथ भारत में सबसे बड़ा डायरेक्ट-टू-होम प्लेटफॉर्म, टाटा प्ले डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ गठबंधन में इस बार के टाटा आईपीएल सीज़न के साथ टाटा प्ले 4के प्लेटफॉर्म सेवा पेश कर रहा है। इस सेवा ने ग्राहकों द्वारा टेलीविज़न पर 4के गुणवत्ता की बढ़ती मांग को पूरा कर दिया है। टाटा प्ले बिंज़+ एंड्रॉयड सेट-टॉप बॉक्स के दर्शक डिज़्नी+ हॉटस्टार पर मुख्य खेल आयोजन जैसे टाटा आईपीएल, आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप, और लोकप्रिय फिल्में जैसे डी-डे, अर्जुन रेड्डी, गुड्लक जेरी, ए थर्सडे, तलवार आदि टाटा प्ले 4के गुणवत्ता में देख सकेंगे।

99 रुपये प्रतिमाह के शुरुआती मूल्य में टाटा प्ले 4के सेवा खेल का हर आयोजन देखने का बहुत ही शानदार अनुभव प्रदान करेगी, जिससे दर्शक अतुलनीय स्पष्टता, विस्तार और दिलचस्पी के साथ अपने पसंदीदा खेल देख सकेंगे। टाटा प्ले 4के सेवा टाटा आईपीएल का अनुभव सामान्य एचडी के मुकाबले चार गुना ज्यादा रिज़ॉल्यूशन में प्रदान करेगी, जिससे हर दृश्य जीवंत हो उठेगा और आपको ऐसा महसूस होगा कि आप उसके बीचों-बीच हैं। टाटा प्ले 4के सेवा के बारे में टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा, ''हमें डिज़्नी स्टार के साथ गठबंधन में टाटा प्ले 4के पेश करने की खुशी है। टाटा आईपलएल के लिए हमारी यह पहली 4के सेवा खेल देखने के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन ले आएगी। यह सेवा केवल टाटा आईपीएल तक ही सीमित नहीं रहेगी। हम अन्य मुख्य खेल आयोजनोंए ब्लॉकबस्टर फिल्मों और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों तक टाटा प्ले 4के सेवा का विस्तार करेंगे, ताकि हमारे दर्शकों को टीवी देखने का बहुत ही जीवंत और शानदार अनुभव प्राप्त हो। डिज़्नी स्टार के हेड- डिस्ट्रीब्यूशन एवं इंटरनेशनल, गुरजीव सिंह कपूर ने कहा, ''हम टाटा प्ले 4के सेवा के साथ टीवी देखने के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। टाटा प्ले के साथ हमारा यह गठबंधन अभिनवता और उत्कृष्टता तथा अपने दर्शकों को टीवी देखने का अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

शेयर बाजार में सरकार की कुल हिस्सेदारी 38 लाख करोड़ तक पहुंची, कंपनियों के लाभांश पर यह बात आई सामने

तुहिन कांत पांडेय

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्र को सरकारी कंपनियों से इस बार लक्ष्य से 26 फीसदी ज्यादा 62,929 करोड़ का लाभांश मिला है। 2022-23 में यह लाभांश 59,953 करोड़ का था। सरकार को वित्त वर्ष 2023-24 में 50,000 करोड़ लाभांश मिला है। सरकारी विभाग डीआईपीएएम के अनुसार, मार्च में सरकार को ओएनजीसी से 2,964 करोड़, कोल इंडिया से 2,043 करोड़, पावर ग्रिड से 2,149 करोड़, एनएमडीसी से 1,024 करोड़ और गेल से 1,863 करोड़ रुपये मिले हैं। इसी के साथ सरकार की शेयर बाजारों में कुल हिस्सेदारी चार गुना बढ़कर 38 लाख करोड़ रुपये हो गई है। 2021 में यह हिस्सेदारी महज 9.5 लाख करोड़ रुपये थी।

इन्फोसिस को 6,329 करोड़ का टैक्स रिफंड : आईटी कंपनी इन्फोसिस को उम्मीद है कि आयकर विभाग से उसे 6,329 करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड मिल सकता है। कंपनी ने विभिन्न मूल्यांकन आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि उसे 2,763 करोड़ रुपये की कर मांग का भी आदेश मिला है। कंपनी 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाली तिमाही और वित्त वर्ष के वित्तीय परिणाम 8 अप्रैल को जारी करेगी।

देश में अब इलेक्ट्रिक कार खरीदने वालों की संख्या बढ़ी

साल 2023 में 72,321 इलेक्ट्रिक कारें रजिस्टर्ड की गईं थीं

2024 में लगभग 200,000 की मांग का अनुमान है

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने कुछ हफ्ते पहले नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी दी थी। लोगों का आकर्षण भी इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने की ओर इन दिनों बढ़ा है। 2023 में 72,321 इलेक्ट्रिक कारें रजिस्टर्ड की गईं। लोकल सर्कल्स के सर्वे के मुताबिक, 2024 में लगभग 200,000 की मांग का अनुमान है। इलेक्ट्रिक कार खरीदने के इच्छुक 44 प्रतिशत लोगों का मानना है कि वे वातावरण साफ रखने में योगदान देंगे। जबकि उनमें से 31 प्रतिशत डीजल और पेट्रोल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने के लिए खरीदारी कर रहे हैं। अगले 12 महीने में इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर विचार कर रहे हैं, तो मुख्य कारण क्या है इसके जवाब में 44 फीसदी ने स्वच्छ वातावरण में योगदान के लिए, 31 फीसदी ने ईंधन की कीमत से निपटने के लिए, 15 फीसदी ओनरशिप की कम कुल लागत, 5 फीसदी अन्य कारणों से और पांच फीसदी का कहना था कि वह कुछ कह नहीं सकते।

रेलवे के शेयर ने पकड़ी रफ्तार, कंपनी को मिले हैं 3 बड़े ऑर्डर

नईदिल्ली, एजेंसी। फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन यानी एक अप्रैल को रेलवे से जुड़ी कंपनी-रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के शेयर ने दौड़ लगा दी। शुरुआती ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर करीब 5 फीसदी चढ़कर 265.65 रुपये पर पहुंच गया। बता दें कि कंपनी को कई बड़े ऑर्डर मिले हैं। यही वजह है कि आरवीएनएल शेयर में तेजी आई।

ऑर्डर की डिटेल

रेल विकास निगम लिमिटेड को दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर डिवीजन के भद्रक (एक्सक्लूसिव) सेक्शन 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए 148.26 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इसके तहत 1 × 25 केवी से 2 × 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के अपग्रेडेशन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का काम करना है। इसे 18 महीने में पूरा किया जाना है।

एक अलग स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में रेल विकास निगम लिमिटेड ने यह भी बताया कि वह एनएफआर-कान्स्ट एचक्यू-इलेक्ट्रिकल/एनएफ रेलवे कंस्ट्रक्शन से 95.95 करोड़ की परियोजना के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में भी उभरी है। इसकी लागत 95.95 करोड़ रुपये है और इसे 240 दिनों में पूरा किया जाना है।

सालासर के साथ मिला ऑर्डर

रेल विकास निगम लिमिटेड और सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग के ज्वाइंट वेंचर को मध्य अफ्रीकी देश रवांडा में करीब 60 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला है। इस ज्वाइंट वेंचर को ठेका ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (ईडीसीएल) से मिला है। इसे 18 महीने में पूरा करना है। इस महीने की शुरुआत में संयुक्त उद्यम को मध्य प्रदेश सरकार से करीब 174 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला था। संयुक्त उद्यम में रेल विकास निगम लिमिटेड के पास 51 प्रतिशत और एसटीईएल के पास शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बता दें कि 23 जनवरी, 2024 और 29 मार्च, 2023 को रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर ने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 345.60 रुपये और 52-सप्ताह के निचले स्तर 65.30 रुपये को छुआ। वर्तमान में शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर से 24.25 प्रतिशत नीचे है।

उपलब्धि: 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई प्रोत्साहन योजना से विनिर्माण को मिल रहा बढ़ावा, देश में आया निवेश

नईदिल्ली, एजेंसी। सरकार की ओर से 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में दिसंबर, 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है।कुल निवेश में औषधि और सौर मॉड्यूल का योगदान करीब आधा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर तक सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, वाहन एवं इसके कलपुर्जे, कपड़ा और एसीसी (उन्नत रसायन सेल) बैटरी भंडारण जैसे क्षेत्रों में कम निवेश आया है। सरकार ने 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन बैटरी, ड्रोन और औषधि जैसे 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना की घोषणा की थी।

औषधि क्षेत्र में उम्मीद से अधिक निवेश

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, औषधि क्षेत्र में पिछले साल दिसंबर तक 25,813 करोड़ रुपये का निवेश मिला। यह 17,275 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद से अधिक है। इस क्षेत्र के प्रमुख लाभार्थियों में डॉ. रेड्डीज लैब, सिप्ला, ग्लेनमार्क फार्मा, बायोकॉन और वॉकहार्ट शामिल हैं।

सौर पीवी मॉड्यूल क्षेत्र को मिले 22,904 करोड़ रुपये

उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल में निवेश 22,904 करोड़ रुपये रहा। इस क्षेत्र से 1.10 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद थी। इसके लाभार्थियों में शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स, रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर, अदाणी इंफ्रास्ट्रक्चर और टाटा पावर सोलर शामिल हैं।

आईटी हार्डवेयर क्षेत्र को मिला सबसे कम लाभ

पिछले साल दिसंबर तक जिन अन्य क्षेत्रों में अच्छा निवेश प्राप्त हुआ, उनमें थोक दवाएं, चिकित्सा उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण और दूरसंचार शामिल हैं। सबसे कम निवेश आईटी हार्डवेयर में 270 करोड़ रहा। इस क्षेत्र में 2,517 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद थी। कम निवेश पाने वाले अन्य क्षेत्रों में वाहन और वाहन कल पुर्जे (67,690 करोड़ के अनुमान के मुकाबले 13,037 करोड़ रुपये) और कपड़ा (19,798 करोड़ के अनुमान के मुकाबले 3,317 करोड़ रुपये) शामिल है।एसीसी बैटरी स्टोरेज क्षेत्र में 3,236 करोड़ रुपये का निवेश मिला है।यह 13,810 करोड़ के अपेक्षित निवेश के मुकाबले काफी कम है।

पूरे देश के फैन्स कपिल शर्मा का द ग्रेट इंडियन कपिल शो देखकर हुए नेटफ्लिक्स के शुक्रगुजार!

भोपाल। 'कपिल...कपिल' के नारों, जोश, उत्साह, ढोल, गिद्दा और ढेर सारे प्यार के बीच द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रीमियर देखने के लिए विभिन्न शहरों में फैन्स अपने दोस्तों, परिवारों और पड़ोसियों के साथ इकट्ठा हो गए। सभी के चेहरों पर मुस्कान थी जब वे 3, 2, 1 चिल्ला रहे थे और टुडम के साथ, कपिल शर्मा और उनकी गैंग - सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह ने एक शानदार शुरुआत की। भोपाल में क्रेज़ इतना ज़्यादा था कि लगभग 260 फैन्स हाथ से बने पोस्टर लेकर यहाँ पहुँचे, उन्होंने एक फोटो बूथ स्थापित किया और पहले एपिसोड का आनंद लिया, जिसमें कपूर परिवार के सदस्यों - रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर सहानी को बुलाया गया था। यहाँ उम्र की कोई सीमा नहीं थी। जो परिवार एक साथ पहला एपिसोड देखने के लिए आए थे, वो नेटफ्लिक्स के शुक्रगुजार थे, जो कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर को एक साथ लेकर आया। उनकी केमिस्ट्री में जादू है, जो इससे स्पष्ट है कि ये दोनों ही स्क्रीन पर धूम मचा देते हैं। यह वो जोड़ी है जिसे सभी पसंद करते हैं, और चाहते हैं कि उनके बीच भाईचारा बरकरार रहे! यह इससे स्पष्ट है कि एक फैन ने चिल्लाकर कहा - नज़र ना लगे। लोगों का प्यार देखकर कपिल शर्मा ने कहा, ÷हमारे सभी फैन्स को बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपका बहुत आभारी हूँ। आपके जीवन का हिस्सा बनकर और आपको अपने साथ हँसाकर हम सभी को बहुत खुशी होती है, और यही हमारी दुनिया है। आपका प्यार हमें और अच्छा करते रहने की प्रेरणा देता है!

एचडीएफसी बैंक के शेयर खरीदने का बेहतरीन मौका

नईदिल्ली, एजेंसी। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के शेयर आज यानी सोमवार सुबह एचडीएफसी बैंक के शेयर फोकस में रहेंगे क्योंकि, बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री करने का फैसला किया। बता दें पिछले हफ्ते एक नोट में नोमुरा इंडिया ने कहा कि सिंगापुर और हांगकांग में मिले संस्थागत निवेशकों को लगा कि एचडीएफसी बैंक के शेयर की कीमत के लिए सबसे बुरा समय बीत चुका है। एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 2024 में अब तक 15 फीसद की गिरावट आई है, जबकि एक साल में इनमें 10 फीसदी की गिरावट आई है। बैंक 20 अप्रैल को मार्च तिमाही के नतीजे घोषित करेगा।

अगर एचडीएफसी बैंक को लेकर मार्केट एक्सपर्ट्स और ब्रोक्रेज फर्मों की राय की बात करें तो कुल 11 ने इसमें खरीदारी की सलाह दी है। एवरेज टार्गेट प्राइस 1782.83 रुपये पड़ रहा है, जो मौजूदा भाव 1447.90 रुपये से करीब 23 फीसद ऊपर है। घरेलू ब्रोक्रेज फर्मा मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने एक नोट में कहा है कि यह स्टॉक निकट अवधि में 34.68 फीसद उछल कर 1950 रुपये तक पहुंच सकता है। ब्रोक्रेज ने इसमें खरीदारी की सलाह दी है। इसके अलावा कुल 38 एनॉलिस्टों में से 21 ने स्ट्रांग बाय रेटिंग दी है। अगर लेटेस्ट अपडेट के बारे में बात करें तो बैंक ने बीएसई फाइलिंग में कहा कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी बैंक को एचडीएफसी एजुकेशन में पूर्ववर्ती हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन की हिस्सेदारी रखने की अनुमति दी है, जो दो साल की अवधि के लिए तीन स्कूलों को सेवाएं प्रदान करने में लगी हुई है।

खास खबर

मैदान में होती हूटिंग पर बोल्ट चावला की हार्दिक पांड्या को सलाह

अपने काम पर ध्यान लगाओ

मुंबई (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में अहमदाबाद और हैदराबाद में दर्शकों की हूटिंग का शिकार होने वाले मुंबई इंडियंस के कप्तान और अपने पूर्व साथी हार्दिक पंड्या का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें अपने काम पर ध्यान लगाए रखना होगा। बोल्ट ने कहा कि आप इसे नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर आपको इसका सामना करना होता है। आपको इस पर ध्यान नहीं देकर अपने काम पर ध्यान लगाए

रखना होगा। लेकिन यह कहने जितना आसान नहीं है।

बोल्ट ने पंड्या का समर्थन करते हुए कहा कि यह अंत में खत्म हो जाएगा। उन्होंने यहां वानखेड़े स्टेडियम में मीडिया से कहा कि इस देश में बहुत सारे उत्साही प्रशंसक हैं और विशेष रूप से हार्दिक के बारे में बात करूं तो वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक है। मुझे नहीं लगता कि हूटिंग बहुत लंबे समय तक रहेगी। मुझे भरोसा है कि वह उन लोगों में से एक है जो अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

मुंबई इंडियंस के अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि टीम के जीतने के बाद हालात सुधर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप इसमें कुछ नहीं कर सकते क्योंकि वे दर्शक हैं और वे जो करते हैं, वे हमारे नियंत्रण में नहीं होता इसलिए हम कुछ नहीं कह सकते कि वे क्या कर रहे हैं।

जीत के बाद ऋषभ पंत को झटका, 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा

विशाखापत्तनम। विशाखापत्तनम दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था।

आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई



सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, 'आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने यह मैच जीत कर इस सत्र में अपना खाता भी खोला। गौर हो कि विशाखापत्तनम के मैदान में क्रिकेट फैंस को विंटेज महेंद्र सिंह धोनी के दर्शन हुए जहां वह आखिरी ओवरों में खूब चौके-छक्के लगाते हुए दिखे। लेकिन धोनी की यह पारी भी चेन्नई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत नहीं दिला सकी। दिल्ली ने पहले खेलते हुए डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत के अर्धशतकों की मदद से 191 रन बनाए थे।

साक्षी धोनी ने दिल्ली से हार के बाद शेयर की इंस्टा स्टोरी

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स को रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा। सीएसके को आईपीएल 2024 में यह पहली हार थी। लेकिन जिस तरह से उनके प्रशंसकों ने कार्यक्रम स्थल पर जोरदार जश्न के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की उससे ऐसा लगा कि टीम हारी ही नहीं हो। इस दौरान धोनी की पत्नी साक्षी भी हैरान थी जिन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा, एहसास ही नहीं हुआ कि हम हार गए।

सीएसके प्रशंसकों के हार भूलने का कारण शख्स महेंद्र सिंह धोनी है, जो आखिरकार इस सीजन में पहली बार नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने आए और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में रविवार रात जब धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बल्लेबाजी करने उतरे तो सीएसके को 23 गेंदों पर जीत के लिए 72 रनों की जरूरत थी। स्पष्ट रूप से यह ऋषभ पंत की अगुवाई वाली डीसी थी जो आगे थी और उन्होंने बाद में प्रतियोगिता जीत ली जो आईपीएल 2024 में उनकी पहली जीत भी थी।

धोनी ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

एक ओवर में 20 रन वाला कमाल, सबसे ज्यादा बार की बेदम धुनाई

विशाखापट्टनम (एजेंसी)। महेंद्र सिंह धोनी जब आईपीएल के 17वें सीजन में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे तो दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। धोनी ने आते ही मुकेश कुमार (21 रन देकर तीन विकेट) पर चौका लगाकर शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने 16 गेंद में तीन छक्के और चार चौके से नाबाद 37 रन बनाकर दर्शकों का मनोरंजन किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके क्योंकि तब वह क्रीज पर उतरे थे तो टीम को 23 गेंद में जीत के लिए 72 रन की जरूरत थी। 20वें ओवर में उन्होंने तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्ट्जे को दो छक्के और दो चौके के साथ 20 रन मारे। इसी के साथ अपनी छोटी सी पारी में वह एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना बैठे।

धोनी का नाम सबसे ऊपर

दरअसल अब धोनी सबसे ज्यादा बार आईपीएल के एक ओवर में 20 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। 2008 में डेब्यू करने वाले 42 वर्षीय धोनी बीती रात अपने आईपीएल करियर का 253वां मैच खेलने उतरे थे। अंतिम ओवर में नॉर्टजे की कुटाई करते हुए वह नौवीं बार 20 या उससे ज्यादा रन जुटाने में कामयाब रहे।

रोहित शर्मा को पछाड़ा

इस लिस्ट में दूसरा नाम आता है रोहित शर्मा का। मुंबई इंडियंस को अपनी कप्तानी में पांच बार चैंपियन बना चुके रोहित लीडरशिप के रोल से मुक्त होकर इस बार बतौर प्लेयर खेल रहे हैं। अटैकिंग ओपनर हिटमैन ने आईपीएल में आठ बार एक ओवर में 20 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। रोहित के नाम 245 आईपीएल मैच में 6280 रन दर्ज हैं।

टॉप-3 में पंत भी शुमार

तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत का नाम आता है। भीषण रोड एक्सीडेंट में बाल-बाल बचे ऋषभ पंत 15 महीने बाद मैदान पर वापसी कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के इस विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज ने आईपीएल के एक ओवर में छह बार 20 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। 31 मार्च की रात चेन्नई के खिलाफ उन्होंने 32 गेंद में 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

धोनी के ट्वंटी-20 में 7 हजार रन पूरे, चेन्नई की हार के 5 बड़े कारण

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। विशाखापत्तनम के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रन से हरा दिया। चेन्नई की ओर से महेंद्र सिंह धोनी की खेली गई 37 रन की पारी पूरे मैच का आकर्षण रही। धोनी ने महज 17 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से यह रन बनाए। धोनी ने इसी के साथ ट्वंटी 20 फॉर्मेट में ऑवरऑल 7 हजार रन भी पूरे कर लिए। बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज इस लिस्ट में क्विंटन डीकॉक (8578), जोस बटलर (7721) रन बना चुके हैं। धोनी ने मोहम्मद रिजवान (6962), कामरान अकमल (6454) को पीछे छोड़ा। बहरहाल, धोनी अपनी पारी के बावजूद चेन्नई को जीत नहीं दिला पाए। इसके पांच प्रमुख कारण भी रहे।

दिल्ली की मजबूत शुरूआत

दिल्ली को मजबूत स्कोर तक ले जाने का श्रेय ओपनर पृथ्वी शॉ और वार्नर को गया जिन्होंने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों के अंदर ही 93 रन जोड़े। दोनों ने सधी हुई बल्लेबाजी की और चेन्नई के पावरप्ले में विकेट टेकिंग गेंदबाज दीपक चाहर और तुषार देशपांडे को मौका नहीं दिया। मजबूत शुरूआत का कप्तान पंत ने फायदा उठाया और 32 गेंदों पर 51 रन बनाकर स्कोर 191 तक पहुंचा दिया।

धोनी का लेट बल्लेबाजी के लिए आना

धोनी छह आऊट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने तेज शॉट तो जरूर लगाए लेकिन इस दौरान सिंगल लेने से कतराते दिखे। उनके साथ रविंद्र जडेजा थे जोकि बड़ी हिट लगा सकते थे लेकिन धोनी ने खुद के पास स्ट्राइक रखी। उन्होंने 16 गेंदों पर 4 चौके और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाए। अगर वह बल्लेबाजी के लिए पहले आते तो ऐसी हिटिंग के साथ जीत-हार के समीकरण कुछ और हो सकते थे।

मुकेश कुमार के 3 विकेट निकालना

दिल्ली के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने मध्यक्रम में गेंदबाजी करते हुए बड़ा अंत पैदा कर दिया। उन्होने पहली 9 गेंदों पर 3 विकेट लेकर चेन्नई की राह मुश्किल कर दी। मुकेश ने रहाणे, शिवम दुबे, रिजवी के विकेट लिए जोकि चेन्नई को जीत दिला सकते थे। मुकाबले की बात करें तो दिल्ली ने पहले खेलते हुए डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत के अर्धशतकों की मदद से 191 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी चेन्नई की शुरूआत खराब रही। लेकिन रहाणे और डेरिल मिशेल ने मैच को जिंदा रखा। अंत में महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंदों पर 37 रन तो जरूर बनाए लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी। चेन्नई को 20 रन से हार झेलनी पड़ी।

पथिराना को लेट गेंदबाजी देना

चेन्नई के लिए सबसे सफल गेंदबाज पथिराना रहे। उन्होंने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्हें 8वें ओवर में गेंद पकड़ाई गई और उन्होंने 5 ही रन दिए। ऋतुराज ने इसके बाद 15वें ओवर में उन्हें गेंद थमाई। इस दौरान पंत अपना गेम कर चुके थे। पथिराना ने अपने दूसरे ओवरमें मिशेल मार्श और ट्रिस्टन स्टंब्स के विकेट ले लिए। यही नहीं अपने चौथे ओवर में उन्होंने पंत का विकेट भी निकाला। अगर चेन्नई के सबसे सफल गेंदबाज पथिराना को शुरूआती ओवर मिलते तो स्थिति कुछ और हो सकती थी।

खलील अहमद का शुरूआती स्पैल

चेन्नई के लिए ऋतुराज के साथ रचिन रवींद्र ने बेंगलुरु के खिलाफ पहले मुकाबले में 38, गुजरात के खिलाफ 62 रन की पार्टनरशिप की थी लेकिन दिल्ली के खिलाफ वह 3 ही रन बना पाए। इसका मुख्य जिम्मेदार दिल्ली का तेज गेंदबाज खलील अहमद रहा। अहमद ने लगातार ओवरों में ऋतुराज और रचिन के विकेट निकाले जिससे चेन्नई के बाकी बल्लेबाजों पर दबाव बन गया। हालांकि मध्यक्रम में रहाणे और मिशेल ने रन बनाए लेकिन बढ़िया शुरूआत न मिलने की कसक टीम को खल ही गई।

मीराबाई चानू की चोट के बाद शानदार वापसी

पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

फुकेट (थाईलैंड) (एजेंसी)। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया।

यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है।

क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। मीराबाई ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल सितंबर में एशियाई खेलों में भाग लिया था जहां वह चोटिल हो गई थी। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने पांच बार वजन उठाने में कोई गलती नहीं की।

स्नैच और क्लीन एवं जर्क में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाई। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा है, जबकि उन्होंने 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा का तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन अभी वह चोट से उभरी है और जुलाई तक उनके अपने चरम पर पहुंचने की संभावना है।

अशोक कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट

सलीमा और हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला। पिछले साल

एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने के बाद कहा, 'इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है। पुरस्कार से मुझे आगे और अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।'

वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी।

उर्वशी रौतेला ने ऋषभ पंत को किया ट्रोल, हाइट पर की टिप्पणी

मुंबई (एजेंसी)। अकसर सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला एक बार फिर भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर दिए बयान की वजह से लाइमलाइट में आ गई है। उन्होंने नाम तो नहीं लिया लेकिन कहा पंत की लम्बाई पर टिप्पणी करते हुए उन्हें ट्रोल किया है। वीडियो में उर्वशी ने कहा अभिनेताओं, बिजनेसमैन, गायकों और बल्लेबाजों को डेट किया। उन्होंने यहां तक कहा कि उनमें से कुछ तो उनकी हाइट से भी मेल नहीं खाते। उर्वशी रौतेला पहले तब खबरों में थीं जब उन्होंने कहा था कि ऋषभ पंत उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि उन्होंने क्रिकेटर का नाम नहीं बताया। ऋषभ पंत ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी अपलोड की जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ लोग किसी भी हद तक जाकर इंटरव्यू में झूठ बोलने वाला बताया जिसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर काफी विवाद भी हुआ था।

उम्र को लेकर ताना मार रहे थे रवि शास्त्री

मोहित शर्मा ने मजाक-मजाक में दिया मुंहतोड़ जवाब

अहमदाबाद(एजेंसी)। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहित शर्मा का स्वप्निल सफर आईपीएल के 17वें सीजन में भी जारी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के इस पेसर ने 25 रन देकर तीन विकेट झटकते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। डेथ ओवर्स में मोहित की कातिलाना गेंदबाजी के बूते ही सनराइजर्स हैदराबाद 162 रन पर थम गई। जवाब में गुजरात टाइटंस ने आसानी से सिर्फ तीन विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

मोहित की अगुवाई में जीती जीटी

मुकाबले की बात करें तो मोहित शर्मा की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को रविवार के पहले मुकाबले में सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

विटामिंस की खोज किसने की?

यह सभी जानते हैं कि विटामिन रासायनिक पदार्थ होते हैं जो हमारे शरीर के स्वस्थ रहने के लिए जरूरी हैं। विटामिन्स अलग-अलग तरह के भोजन में पाए जाते हैं। वैज्ञानिक विटामिन्स के 6 प्रकारों को 'ए', 'बी', 'सी', 'डी', 'ई' और 'के' कहते हैं। असल में विटामिन 'बी' में विटामिन्स का पूरा समूह होता है।

क्या आप जानते हैं कि विटामिंस की खोज किसने की? विटामिन की खोज एक डच जीवाणु विशेषज्ञ, क्रिश्चियान एइकमैन (1858-1930) द्वारा अचानक ही हो गई थी। उन्होंने सबसे पहले ध्यान दिया कि जो मुर्गियां चावल के दाने खाती थीं वे बीमार पड़ गईं। उन्होंने यह कारण खोज निकाला कि अनाज की ऊपरी सतह को यदि हटा दिया जाए तो उसमें मौजूद रसायन भी निकल जाते हैं जिसे हम विटामिन कहते हैं।

जब एइकमैन 1886 में इंडोनेशिया दौरे पर 'बेरी-बेरी' नामक महामारी की पड़ताल करने गए तो उनके दावों को और अधिक सच माना गया। बाद में वह यह साबित करने में सक्षम रहे कि 'बेरी-बेरी' का रोग डाइट की कमी से होता है। इससे विटामिन्स की खोज हुई और यह बात सामने आई कि विटामिन सेहत के लिए बहुत जरूरी है।

एइकमैन, हालांकि पूरी तरह से विटामिन्स के बारे में नहीं समझ पाए। बाद में फैडरिक हॉपकिन जो ब्रिटिश वैज्ञानिक थे, ने इस सिद्धांत को समझा कि मानव शरीर को कुछ मात्रा में ऐसे रसायनों की आवश्यकता है जो उन्हें सेहतमंद रख सकें। उन्होंने यह कहा कि रिकेट्स या स्कर्वी जैसे रोगों से बचा जा सकता है यदि भोजन में या किसी दूसरी चीज में जरूरी रसायन यानी कि विटामिंस लिए जाएं। ऐसा बिल्कुल सही माना गया और विटामिंस के प्रकारों को नाम भी दिए गए।

वास्तव में विटामिंस के कई स्रोत तथा उपयोग हैं जैसे विटामिन 'ए', मक्खन, दूध, अंडे, हरी सब्जियों और मछली में पाया जाता है जो बीमारियों से लड़ने में सहायक होते हैं। विटामिन 'बी' भूख बढ़ाता है। यह तंत्रिकाओं तथा त्वचा में शक्ति बढ़ाता है। यह यीस्ट, मीट तथा अलग-अलग अनाजों में पाया जाता है। विटामिन 'सी' खून साफ करने में सहायक है तथा जुकाम से सुरक्षा प्रदान करता है। यह मुख्य तौर पर फल जैसे संतरे तथा नींबू आदि में पाया जाता है।

हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है जो कॉड मछली के तेल तथा अंडे की जर्दी आदि में पाया जाता है। विटामिन 'ई' मोटे अनाजों और अन्य प्रकार के भोजन में पाया जाता है। विटामिन 'के' खून के बहाव को रोकने और क्लॉट के लिए विशेष रूप से जरूरी है। अत: चोट लगने पर खून के रिसाव को रोकने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह बहुत सी चीजों में मौजूद होता है जैसे लिवर तथा हरी सब्जियों इत्यादि में।

ऊपर दिए गए तथ्यों से हमें पता चलता है कि विटामिंस हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी हैं। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए क्रिश्चियान एइकमैन और फैडरिक हॉपकिन को 1929 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था।

विटामिन	रोग
'ए'	रतौंधी
'बी'	बेरी-बेरी, तंत्रिका संबंधी समस्याएं
'सी'	स्कर्वी
'डी'	रिकेट्स
'ई'	खून की कमी
'के'	हैमरेज

हंसो, हंसाओ, सेहत बनाओ

दोस्तों, तुम्हें कॉमेडी मूवीज देखना तो बहुत अच्छा लगता होगा। ऐसी मूवीज देखकर तुम खुद भी हंसते होगे और किस्से सुनाकर दोस्तों को भी हंसाते होगे। साथ में क्लास में भी मस्ती कर हंसी ठहाके लगाते होगे। हंसते-हंसाते रहो, पर जान लो हंसने के फायदों के बारे में...

वर्ल्ड हेल्थ डे

वर्ल्ड हेल्थ डे वर्ल्ड हेल्थ ऑरगनाइजेशन की तरफ से हर साल मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे ऐसे मच्छरों, जानवरों और कीड़े-मकोड़ों पर लोगों का ध्यान ले जा रहा है जो तरह-तरह की बीमारियां पैदा करते हैं। हंसने और खुश रहने से तुम्हारा मूड तो अच्छा रहता ही है साथ में तुम्हारी सेहत भी ठीक रहती है।

इम्यून सिस्टम ठीक रहेगा

हंसने मुस्कुराने से तुम्हारा इम्यून सिस्टम अच्छा होगा। इम्यून सिस्टम अच्छा होने से तुम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हो। साथ में तुम्हें सर्दी-जुकाम भी जल्दी नहीं होगा।

टेशन फ्री होगे

दोस्तों के साथ हंसने और मस्ती करने से तुम्हें किसी तरह की चिंता नहीं होगी। साथ में तुम किसी भी मुश्किल काम को आसानी से कर लोगे। यही नहीं खुश रहने से शरीर में पैदा होने वाले ऐसे हार्मोन जो तनाव बढ़ाते हैं उनको भी कम करने में मदद करता है।

दोस्तों में लोकप्रिय होगे

तुम्हारे खुश रहने से तुम्हारे दोस्त बढ़ते जाएंगे। ज्यादा से ज्यादा लोग तुम्हारे दोस्त बनना चाहेगे। तुम्हारे पुराने दोस्तों से दोस्ती और पक्की हो जाएगी। तुम्हें सबके साथ मिल-जुल कर काम करने में मजा आएगा।

दिल की बीमारी से छुटकारा

आजकल अक्सर ही लोग इस बीमारी से परेशान रहते हैं। खुश रहने से इस तरह की बीमारियों से तो छुटकारा मिलेगा ही हार्ट अटैक की सम्भावना भी कम होती है।

दर्द कम होगा

खुश रहने और हंसने-मुस्कुराने से दर्द कम होता है। साथ ही तुम किसी भी तरह की बीमारी से आसानी से निपट लोगे।

आत्मविश्वास बढ़ता है

खुश रहने से आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ में किसी भी काम को करने के लिए नए-नए आइडियाज भी तुम्हारे दिमाग में तेजी से आते रहेगे।

लम्बे समय तक जीओगे

जो लोग खुश रहते हैं वो लोग लम्बे समय तक जीते हैं। इसका मतलब है कि वो दुखी रहने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा दिनों तक जीते हैं।

ब्लड प्रेशर कम रहता है

आजकल तुमने ब्लड प्रेशर से परेशान लोगों के बारे में तो सुना ही होगा। खुश रहने से शरीर में ब्लड का फ्लो भी ठीक रहता है और ब्लड प्रेशर भी कम होता है।

मेमोरी बढ़ती है

खुश रहने से न केवल तुम्हारी मेमोरी बढ़ती है बल्कि तुम्हारे अंदर कुछ सीखने की क्षमता का भी तेजी से विकास होता है। तुम कुछ नया सीखने को उत्साहित रहते हो और इसीलिए तुम्हारी रचनात्मकता भी बढ़ती जाती है। यही नहीं हंसने-मुस्कुराने से तुम्हारी क्रिएटिविटी भी बढ़ती है।

अच्छी नींद आती है

खुश रहने से तुम्हें नींद भी अच्छी आती है। इसका मतलब है कि तुम्हारे घर में जो बुजुर्ग नींद नहीं आने की प्रॉब्लम से परेशान हैं उनकी समस्या खुश रहने से हल हो जाएगी। इसलिए तुम उनकी मदद करो।

डॉग्स के लिए बन रहा होटल चेल्सी

इंसानों के होटल तो सभी जगह बने होते हैं, लेकिन पेट्स के लिए होटल न के बराबर हैं। कई पेट्स मालिक अपने पेट्स को अपने जैसे होटल में स्टे कराना चाहते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते



हुए न्यूयॉर्क में एक ऐसा ही होटल बनाया जा रहा है, जिसमें एंट्री सिर्फ कुत्तों की होगी। यह होटल जल्द ही शुरू हो रहा है। इस होटल को सामान्य होटलों की कैटेगरी में रखा गया है, जिसमें नॉमर्ल, डीलक्स और सूट शामिल होंगे। इसका नाम होटल चेल्सी रखा गया है। इसमें डबल बेड के अलावा नर्म और स्पंज वाले पिलो होंगे। रूम में फ्लैट स्क्रीन टीवी रखा गया है। इस टीवी में जानवरों से संबंधित कार्यक्रम चलते रहेंगे, जैसे वाइल्ड लाइफ आदि। इसके अलावा रूम का डेकोरेशन कुत्तों को ख्याल में रखकर किया गया है। कुत्ते को फिट रखने के लिए फिटनेस सेंटर भी बनाया गया है। खाना बनाने के लिए शैफ भी रखे जाएंगे। यहां के सारे रूम सीसीटीवी से लैस होंगे, जिससे अगर कुत्तों को रूम में किसी तरह की परेशानी हो तो कंट्रोल रूम में देखकर उसका समाधान कर दिया जाएगा।

क्या जानवर रंग पहचानते हैं?

जानवरों की रंग पहचानने की क्षमता का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने काफी परीक्षण किया है, जिससे पता चलता है कि कुछ जीव रंगों की पहचान करने में सफल हो गये तो कुछ रंग नहीं देख सके।

मछलियां बहुत सुंदर और रंग-बिरंगी होती हैं, लेकिन ये एक-दूसरे की खूबसूरती को देख नहीं सकतीं, क्योंकि ये रंगांध होती हैं। यानी, रंगों को पहचान नहीं सकतीं। कुत्ते भी रंगों को नहीं पहचान पाते। वे किसी भी स्थान या वस्तु को उसके रंग से नहीं, गंध से पहचानते हैं।

एक परीक्षण में कुछ कुत्तों को पहले खास तरह की आवाजें सुनाई गईं। इन आवाजों के बाद ही उन्हें भोजन दिया जाता था। कुछ दिन के प्रशिक्षण के बाद देखा गया कि इन ध्वनियों को बजाते ही कुत्तों के मुंह लार से भर जाते थे। बाद में यही प्रयोग रंगों को लेकर किया गया। लेकिन कुत्ते, भोजन की लालसा के बावजूद एक रंग का दूसरे से विभेद करने में सफल नहीं हो पाये।

बिल्लियां भी रंगों को नहीं पहचानती हैं।

मुर्गियों के बारे में परीक्षण करने से पता चला है कि वे हरे, नीले, काले और बैंगनी रंग को नहीं पहचानतीं, जबकि सफेद रंग को पहचान लेती हैं।

बंदर रंगों के प्रति संवेदनशील होता है और वह अलग-अलग रंगों की पहचान कर सकता है। कुछ परीक्षणों ने इसकी पुष्टि भी की है। बंदरों को भोजन के लिए एक ऐसी अलमारी के पास जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया, जिसका दरवाजा एक खास रंग से रंगा गया था। बाद में उसने दूसरे रंग से रंगे दरवाजे वाली अलमारी के पास जाने में दिलचस्पी लेना ही बंद कर दिया।

गाय, बैल, गधे जैसे पशु प्राय: सभी वस्तुओं को खाकी रंग में रंगा पाते हैं। एक सीमा तक सफेद रंग को भी पहचान लेते हैं, लेकिन गहरा हरा, लाल, नीला या काला रंग नहीं पहचान सकते।

अनेक परीक्षणों से यह सिद्ध हो चुका है कि सांड रंग के प्रति अंधा होता है, अर्थात् वह रंग भेद नहीं कर सकता। जब वह रंग पहचान ही नहीं सकता, तो फिर लाल रंग से भड़क उठने की बात महज एक गलत धारणा है। सांड को भड़काने के लिए कपड़े का हिलाना ही काफी है, चाहे वह लाल, पीला, नीला सफेद या किसी भी रंग का हो।

घोड़े हरे व पीले रंग को पहचान लेते हैं तथा दोनों में भी परस्पर भेद कर लेते हैं, पर लाल व नीले रंग को पहचानने में वे अच्छे नहीं जान पड़ते हैं।

शिव शक्ति में फिर शनि बनकर आए कार्तिकेय मालवीय

कार्तिकेय मालवीय, जिन्हें आपने भगवान शनि के रूप में स्क्रीन पर देखा और पसंद किया। इसके बाद इन्होंने कई और भी शोज किए, लेकिन लोकप्रियता कर्मफल दाता शनि से ज्यादा हासिल नहीं हुई। अब वह कलर्स टीवी के शिव शक्ति शो में फिर से उसी रूप में वापसी कर रहे हैं।

आप शिव शक्ति में भी शनि के रोल में आ रहे हैं? आप पिछले 13 सालों से इंडस्ट्री में हैं। हमेशा आपने ऐसे ही रोल्स किए हैं। क्या कोई दूसरे रोल्स मिल नहीं रहे या आप करना नहीं चाह रहे हैं

मैंने और भी शोज किए हैं। अभी कई म्यूजिक वीडियोज भी किए हैं। और मेरी अभी 20 साल है इस ऐज में मैं ना बड़ा दिखता हूं और ना छोटा। लीड रोल के लिए 25-26 साल का लड़का चाहिए होता है। तो एक रीजन ये भी। मैं लीड ही करना चाहता हूं। क्योंकि मैंने शुरुआत ही लीड से की है। और रही बात इस शो की, तो मैं इसमें कैमियो कर रहा हूं। जिस प्रोडक्शन हाउस ने ये शिव शक्ति बनाया है। उन्होंने ही कर्मदाता शनि बनाया था। इनके साथ मेरे रिलेशन भी अच्छे हैं। और जो ये किरदार है, इसका पॉजिटिव साइड हमने पहले शो में दिखाया था और अब इसका नेगेटिव साइड दिखाने को मिला है। इसलिए भी ये रीजन था इसे करने का। मुझे और अलग ट्राई करना था और रिलेशन भी था तो इसलिए हां किया।

अच्छा जैसा आपने कहा कि 20 साल के हैं इसलिए आपको वैसे रोल्स नहीं मिल रहे। लेकिन इतने उम्र की एक्ट्रेसेस तो बतौर लीड काम कर रही हैं। क्या लगता है कि इंडस्ट्री में लीड रोल्स लड़कों को मिलने में उम्र दिक्कत करती है, जब ज्यादा होगी, तभी मिलेगा? या आपको रखकर वैसे किरदार लिखे नहीं जा रहे?

ऐसा होता है ना कि लड़किया छोटी ऐज से ही काफी बड़ी दिखने लग जाती हैं। इसलिए अगर आप काफी एक्ट्रेसेस को देखेंगी, जो मेरी ऐज की हैं तो वो एक अडल्ट के तौर पर काम कर रही हैं। इसलिए उनके चेहरे से पता नहीं चलता है। लेकिन अगर आप मेल एक्टर्स को देखेंगे तो अगर उनकी उम्र उतनी भी है तो भी वो आपको छोटे दिखेंगे।

आपने आपकी लाइफ का पहला रोल कैसे मिला था? आपने क्योंकि पहले दो रियलिटी शोज किए थे, तो सफर कैसे शुरू हुआ?

पहले मैंने एक रियलिटी शो किया था और शनि के लिए काफी बच्चों के ऑडिशन लिया जा चुका था। लेकिन उनको वो फेस मिल नहीं रहा था जो उस किरदार के साथ मैच हो। जैसे मेरे रियलिटी शो का फिनाले खत्म हुआ, मुझे कॉल आया कि ऐसे-ऐसे है प्रोडक्शन हाउस और आपको ऑडिशन देने के लिए आना होगा। हमें तो विश्वास ही नहीं हुआ क्योंकि हमने तो अभी एक रियलिटी शो किया था तो ये कैसे हो सकता है। तो हम वहां गए देखने के लिए। पहुंचकर सिक्योरिटी गार्ड से पूछा कि अंदर क्या है, क्या ऑडिशन चल रहा है, किसका रोल है? तो शनि का चल रहा है और एक यम का बचा है। बाकी सब हो गया है। अंदर जाकर पता चलता है कि शनि का ही है।

आपको इतने साल इंडस्ट्री में हुए हैं तो आने वाले सालों में आप खुद को कहां देखते हैं?

मुझे अभी 7 साल ही हुए हैं इंडस्ट्री में। मैंने अपना 10 साल का टारगेट रखा था कि मैं बॉलीवुड डेब्यू कर लूंगा। लेकिन बाद में पता चला कि उम्र की भी दिक्कत आती है। क्योंकि मैं उतना मैच्योर लगता नहीं हूं। मेकअप, गेटअप और कॉस्ट्यूम से तो आप बड़े दिख सकते हो लेकिन बात सोशल की है कि जब आपको नॉर्मल अटायर में रहना है तो उसमें आपकी उम्र दिख ही जाती है। तो अब मेरा टागरेट है कि 2026-27 तक में मैं डेब्यू करना चाहूंगा। चाहे वो सीरीज हो या फिल्म हो।

रवीना और अनुष्का ने साझा किया पटना शुक्ला में काम करने का अनुभव

फिल्म पटना शुक्ला रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में रवीना टंडन एडवोकेट की भूमिका में नजर आएंगी। उनके अलावा अनुष्का कौशिक भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म को अरबाज खान ने प्रोड्यूस किया है। इससे पहले फिल्म की दोनों हीरोइनों रवीना और अनुष्का से एक खास बातचीत। रवीना टंडन ने अपने किरदार को लेकर कहा, यह पहली बार है जिसमें मैं एडवोकेट का रोल अदा कर रही हूं। इससे पहले मैंने कोई कोर्टरूम ड्रामा फिल्म या शो नहीं किया है। यह पहली फिल्म है, जिसमें एक कोर्ट रूम ड्रामा में एडवोकेट का किरदार निभाती दिखूंगी। मुझे पर्सनली कोर्ट रूम ड्रामा और क्राइम थ्रिलर बहुत पसंद हैं। ये दोनों शैली मैं बार-बार देखना चाहती हूं। अनुष्का कौशिक ने कहा, मैं रिंकी

कुमारी का रोल निभा रही हूं। वह एक रिक्शेवाले की बेटी है और बहुत प्रतिभाशाली है। फिल्म के बारे में तो नहीं कहूंगी, लेकिन पर्सनली मैं वकालत और जज वाली पृष्ठभूमि से आई हूं। मेरे ताया जी लॉयर थे मध्य प्रदेश में। मेरे दादा जी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट में जज रहे हैं। अलग-अलग जिलों में उनकी पोस्टिंग होती थी। बचपन से उन्हें देखा। इसलिए मुझे बचपन से इसमें रुचि थी। फिर मेरे पति तो कहते ही हैं कि मैं बहस इतनी अच्छी करती हूं कि मुझे वकील ही होना चाहिए था। रवीना से जब पूछा गया कि कर्मा के बाद अब नई फिल्म में नई भूमिका। कैसा अनुभव रहा? इस पर रवीना ने कहा, हमारे ऊपर है कि हम अपना व्यक्तित्व कैसे बनाते हैं। लेकिन, हर व्यक्ति में हर किरदार रहता है। इंद्राणी की पर्सनैलिटी इस किरदार से बिल्कुल अलग है। अरण्यक की पहाड़ी पुलिस अफसर की पर्सनैलिटी इन सभी से बिल्कुल अलग थीं।

अपनी फिल्मों की ट्रोलिंग से नहीं डरतीं सारा अली खान

सारा अली खान इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने छह साल के करियर में सारा दर्शकों के दिल में खास जगह बना ली है। दादी शर्मिला टैगोर, पिता सैफ अली खान और मां अमृता के नक्शेकदम पर चलते हुए सारा ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया।

अभिनेत्री ने दो सप्ताह में दो अलग-अलग स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर दो बड़ी रिलीज दी हैं। अब अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं। सारा अली खान को मर्डर मुबारक और ऐ वतन मेरे वतन दोनों के लिए उन्हें अच्छी और बुरी दोनों तरह की प्रतिक्रिया मिली हैं। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया भी दो गुटों में बंट गया है। कुछ फिल्म की सराहना कर रहे हैं। वहीं, कुछ सारा को बुरी तरह ट्रोल भी कर रहे हैं। अब सारा ने बताया है कि वह सोशल मीडिया फीडबैक को कैसे संभालती हैं।

सारा ने बस इतना कहा, आप अच्छा पढ़ते हैं, आप बुरा पढ़ते हैं। आप अच्छाई को सेलिब्रेट करते हैं और आप बुरी बातों को अपनी यादों में रखते हैं। मैं आलोचनाओं से नहीं डरती। यह कोई बड़ी बात नहीं है। मैं लोगों के शोर से नहीं डरती। मैं हमेशा प्रार्थना करती हूं और आशा करती हूं कि मुझे यह जानने की समझ मिले कि यह आलोचनाएं क्यों हो रही है और मुझे इन ट्रोल्स को फिल्टर करने की जरूरत है। अब मैं मोटी चमड़ी की हो गई हूं। अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि जब उन्होंने साल 2018 में केदारनाथ के साथ फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश किया तो उनकी शुरुआत इसी तरह हुई, लेकिन बाद में कुछ बदलाव हुए। उन्होंने याद करते हुए कहा, केदारनाथ के दौरान मैं ऐसी ही थी और फिर मैं बदल गई। मेरे अंदर एक आवाज थी, जिससे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैं अब अपने प्रति ईमानदार नहीं हूं, लेकिन मैंने इसे बदला और सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़ी।

टॉक्सिक में रोमांटिक भूमिका नहीं निभाएंगी करीना

करीना कपूर खान एक बार फिर दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री, मशहूर मलयालम फिल्म निर्माता गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनने वाली आगामी हिंदी-कन्नड़ द्विभाषी थ्रिलर टॉक्सिक का हिस्सा बन गई हैं। पहले की अटकलों के विपरीत, करीना फिल्म में केजीएफ स्टार यश के अपोजिट रोमांटिक भूमिका नहीं निभाएंगी। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वह यश की बहन के रूप में नजर आएंगी, जो उनकी पिछली भूमिकाओं से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। यश की रोमांटिक लीड के रूप में करीना के शामिल होने की अफवाहों के बीच, अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म में यश के साथ नजर आएंगी। हालांकि, टॉक्सिक में करीना कपूर खान का रोल भी कम प्रभावशाली नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, यह फिल्म यश और करीना के किरदारों के बीच साझा किए गए गहरे बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें उन्हें अविभाज्य भाई-बहन के रूप में दिखाया गया है। निर्देशक गीतू मोहनदास ने एक बयान में, परियोजना की शुरुआत से ही टॉक्सिक के लिए करीना कपूर खान को शामिल करने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। करीना की भूमिका के लिए बातचीत चल रही थी। निर्देशक उन्हें पहले कभी न देखे गए किरदार में कास्ट करना चाहते थे। इस बीच, गीतू मोहनदास की पिछली निर्देशित फिल्म मूथॉन थी। निविन पॉली की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म को समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। बीते दिन फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर चल रहीं तमाम अटकलों पर निर्माताओं ने प्रतिक्रिया दी। सोशल मीडिया पर जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की कास्टिंग के बारे में कई अप्रमाणित सिद्धांत और सूचनाएं चल रही हैं। हम वास्तव में टॉक्सिक के आसपास के उत्साह की सराहना करते हैं, लेकिन इस बिंदु पर हम सभी से अटकलों से बचने का अनुरोध करेंगे। कास्टिंग प्रक्रिया फिल्म पूरी होने के करीब है और हम अपनी टीम से रोमांचित हैं।

आलिया भट्ट की फिल्म में विलेन बनेंगे बॉबी देओल

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी एनिमल में अपनी दमदार अदाकारी से बॉबी देओल ने खूब वाहवाही बटोरी। इस फिल्म के बाद उनकी लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है। एनिमल के ब्लॉकबस्टर होने के बाद अभिनेता के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। इस बीच बॉबी देओल को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बॉबी की एंट्री यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स में हो गई है। रिपोर्ट की दावों की मानें तो आलिया भट्ट की आगामी स्पाई यूनिवर्स फिल्म में बॉबी खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि बॉबी ने फिल्म साइन कर ली है। फिल्म से जुड़े सूत्र के मुताबिक फिल्म में बॉबी नकारात्मक भूमिका में दिखेंगे, जिसका सामना आलिया और शरवरी करेंगी। सूत्र के मुताबिक फिल्म के लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और बॉबी 2024 की दूसरी छमाही में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बॉबी इस फिल्म में एक खास लुक में पूरे स्वैग के साथ नजर आने वाले हैं। हालांकि, इसको लेकर अब तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आलिया भट्ट की स्टैंडअलोन वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म की पुष्टि इस साल की शुरुआत में हुई थी। यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने खुलासा किया था फिल्म में आलिया लीड एक्ट्रेस के रूप में नजर आने वाली हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द ही जिगरा में भी नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग हाल ही में खत्म हुई है। फिल्म में वेदांग रैना भी हैं। इस साल के अंत में इस फिल्म की रिलीज की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा, आलिया के पास कैटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा के साथ फरहान अख्तर की जी ले जरा भी है।

बोनी कपूर ने रिवील की नो एंट्री 2 की कास्टिंग

दिलजीत, अर्जुन और वरुण साथ दिखेंगे

बोनी कपूर ने फिल्म नो एंट्री 2 की अनाउंसमेंट की है। यह 2005 की फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अर्जुन कपूर और वरुण धवन की तिकड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म की शूटिंग इस साल दिसंबर से शुरू हो सकती है। यह 2025 में फिल्म नो एंट्री के 20 साल पूरे होने पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। बोनी कपूर ने बताई

इन एक्टर्स को कास्ट करने की वजह

बोनी कपूर ने हालिया इंटरव्यू में बताया है कि उन्होंने तीनों स्टार की कास्टिंग क्यों की है। उन्होंने कहा कि वरुण और अर्जुन बहुत अच्छे दोस्त हैं। पर्दे पर दोनों की बढ़िया केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। वहीं, आज के समय में दिलजीत की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। इस लिहाज से तीनों की तिकड़ी पर्दे पर कमाल कर जाएगी।

2005 की नो एंट्री बॉक्स ऑफिस पर हिट थी

फिल्म नो एंट्री 2005 में रिलीज हुई थी। फिल्म का डायरेक्शन अनीस बज्मी ने किया था और इसे प्रोड्यूस बोनी कपूर ने किया था। फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान की तिकड़ी देखी गई थी। फिल्म की कहानी इन्हीं तीनों के इर्द-गिर्द थी। फिलहाल प्रोड्यूसर बोनी कपूर अपकमिंग फिल्म मैदान की तैयारियों में बिजी हैं। फिल्म का डायरेक्शन अमित रविंद्रनाथ शर्मा ने किया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की बायोपिक है। सैयद अब्दुल रहीम ने अपना पूरा जीवन फुटबॉल को ही समर्पित कर दिया था और भारत को बहुत उपलब्धियां भी दिलाई थीं। अजय देवगन ने फिल्म में इन्हीं का किरदार निभाया है। अजय देवगन के साथ फिल्म में प्रियामणि, गजराव राव भी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल 2024 को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है : योगी आदित्यनाथ

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जीएल बजाज कॉलेज में कल सीएम योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल हुए। शिक्षित

अधिवक्ता चिकित्सक प्रोफेसर इंजीनियर कवि मतदाताओं को साधने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के साथ ही लोकसभा के पांचों विधायक एमएलसी समेत तमाम दिग्गज नेता भी मौजूद रहे ।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पहले के सीएम क्यों गौतमबुद्ध नगर आने से कतराते थे, क्योंकि पिछली सरकार में यहां की जनता को लूटा गया, अपने कर्मों पर पर्दा डालने के लिए पिछली सरकार के सीएम ने यहां ना आने का बहाना बनाया.सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार में उद्यमी परेशान था, ब्लैकमेल किया जा रहा था, बेटियां असुरक्षित थी, क़ानून व्यवस्था चौपट थी। लेकिन आज कहानी कुछ और है इस लिये इस सुरक्षित माहौल में आज हर कोई आना चाहता है और उन्होंने कहा कि आज देश विकास कार्यों के साथ आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री गौतमबुधनगर प्रभारी मंत्री कुँवर बृजेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नोएडा विधायक पंकज सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिसोदिया, प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, विधायक तेजपाल नागर, खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, एमएलसी विधायक नरेन्द्र भाटी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता, लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया, लोकसभा चुनाव संयोजक प्रणीत भाटी, हरीश ठाकुर, आशीष वत्स, बिजेंद्र नागर, देवा भाटी, दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, पूर्व विधायक सतवीर नागर, पूर्व विधायक खुर्जा बिजेंद्र सिंह, राकेश राणा, कर्मवीर आर्य, दीपक भारद्वाज, सेवानंद शर्मा, धर्मेन्द्र कोरी, मनोज गर्ग, योगेश चौधरी, पवन नागर, सुनील भाटी, गणेश जाटव, सतेंद्र नागर, पवन रावल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं हजारों प्रबुद्ध जन प्रबुद्ध सम्मेलन में उपस्थित रहे।

डीजीएम जन स्वास्थ्य को कारण बताओ नोटिस, सुपरवाइज की 6 माह तक सेवा समाप्त

नोएडा (चेतना मंच)। शहर की सफाई व्यवस्था की दुर्व्यवस्था को देखकर भड़क उठे। उन्होंने डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह को कारण बताओ

नोटिस जारी किया। स्पष्ट निर्देश दिया कि क्यो न आपके खिलाफ शासन को संदर्भित किया जाए। दरअसल नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने आज नोएडा के कई सेक्टरों में साफ-सफाई व्यवस्था का जाएजा लिया।

उन्होंने डीजीएम को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बार बार समीक्षा बैठक और निरीक्षण के बाद भी शहर में साफ-सफाई की स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है। यही नहीं आपके द्वारा स्वयं सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यो का समुचित ढंग से सुपरवीजन नहीं किए जाने एवं शासकीय पदीय दायित्वों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इसका जवाब दिया जाए। वहीं एक सुवरवाइजर की छह माह की सेवाएं भी निरस्त की गई।

सीईओ ने अधिनस्त अधिकारियों के साथ सेक्टर-6 होते हुए सेक्टर-3, हरौला लेबर चौक, टी सीरीज चौराहा , सेक्टर-19 से होते हुए डीएससी रोड सेक्टर-29, 37 ग्राम अगाहपुर , सेक्टर-49 चौराहे से सेक्टर-41,49 सेक्टर-50, 51 मेट्रो सेक्टर-62 , खोड़ा रोड, सेक्टर-57, 22, 55 सेक्टर-8,11 का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं भी कोई सफाई कर्मचारी सड़क पर या अन्य किसी स्थान पर झाड़ू लगाते हुए नहीं दिखाई दिया। डिवाइडर और फूटपाथ पा डस्ट पड़ी थी।

इस डस्ट को न तो मैकेनिकल स्वीपिंग के संविदाकार द्वारा न ही उस क्षेत्र के सफाई कर्मियों के द्वारा साफ किया जा रहा है। सेक्टर-18 में साफ-सफाई नहीं मिलने पर सीईओ ने सुपरवाइजर की छह माह की सेवाएं निरस्त करते हुए डीजीएम जन स्वास्थ्य को कारण बताओं को नोटिस जारी किया।

'विद्या के भरोसे ट्रस्ट' ने मनाया स्थापना दिवस

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा में 'विद्या के भरोसे ट्रस्ट ने

अपना 6वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस मौके पर ट्रस्ट ने विभिन्न सामाजिक क्षेत्र जिसमे अनाथ आश्रम, प्रतिदिन असहाय को मुफ्त भोजनकी व्यवस्था, तथा फ्री चिकित्सा देने वाली संस्थाओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिए, ट्रस्ट के अध्यक्ष कहा कि अगले वर्ष तक उत्तराखंड में 10वीं तक निशुल्क मार्डन स्कूल (विद्या केंद्र)खोलने का कार्य चल रहा है, जिसके लिए सरकार से भी मदद की आवश्यकता है अभी तक ट्रस्ट को कोई सरकारी नही मिली, मुख्य ट्रस्टी संतोष खंडूरी ने कहा शिक्षा, सेवा, पर्यावरण और देश हित के लिए ट्रस्ट सदैव तत्पर है।

इस मौके पर प्रबंधक महेश डॉडरियाल, विद्या केंद्र संचालक दौलत सिंह, रमेश बौड़ाई, , शांतनु खंडूरी सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे विद्या केंद्र संचालक दौलत सिंह ने कहा कि अल्मोड़ा में भी स्कूल के लिए जमीन देख ली है।

यूपी में मौसम खेल रहा लोगों से आंखमिचौली

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश में पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदलता जा रहा है। मौसम में हो रहे बदलावों ने उत्तर प्रदेश वासियों को परेशान कर दिया है। कभी बारिश तो कभी धूप ने लोगों की तबीयत पर बुरा प्रभाव डाला है। कुछ दिनों पहले जहां उत्तर प्रदेश में बारिश देखने को मिल रही थी, वहीं अब एक बार फिर से मौसम शुष्क रहने के चलते लोगों को धूप का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि आने वाली अप्रैल को उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 2 अप्रैल 2024 को उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि इस दौरान दोनों हिस्सों में दिन के समय कुछ जगहों पर 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी उम्मीद है। वहीं इसके अगले दिन यानि 3 अप्रैल को प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार है। इसके अलावा 4 और 5 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं पर बारिश और बिजली की चमक के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद लगाई जा रही है। जबकि इन दोनों दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की बात कही गई है।

इसी तरह आने वाली 6 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश और गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। 7 अप्रैल को फिर से उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र में मौसम शुष्क रह सकता है। वहीं मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रशांत महासागर में जारी मध्यम एल-निनो परिस्थितियों के प्रभाव से अप्रैल 2024 और आने वाले अप्रैल से जून महीनों के दौरान उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

स्टेटिक सर्विलांस टीम ने गाड़ी से 12 लाख रूपये कैश पकड़ा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ईस्टर्न पेरीफेरल पर चेकिंग के दौरान स्टेटिक सर्विलांस टीम और पुलिस ने एक कार से लगभग 12 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। बताया जा रहा है कि ये पैसा नोएडा में कहीं ले जाया जा रहा था। कार चालक के रकम से सम्बंधित कोई दस्तावेज पेश और स्पष्ट जानकारी नहीं देने पर इस रकम को जब्त कर लिया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार स्टेटिक सर्विलांस टीम और थाना कासना पुलिस ईस्टर्न पेरीफेरल के कासना सिरसा टोल पर चैकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान दिल्ली नंबर की एख कार से पुलिस ने भारी मात्रा में नगदी बरामद की है।

आपको बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान धन बल के दुरुपयोग को रोकने के लिए बनाई गई लोकसभा विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से लगातार स्टेटिक सर्विलांस टीम की कार्रवाई जारी है। स्टेटिक सर्विलांस टीम और थाना कासना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल के कासना सिरसा टोल पर पॉइंट पर चैकिंग के दौरान एक गाड़ी से 11 लाख 58 हजार 400 रूपये बरामद किए है। इस मामले में नकदी की जानकारी आयकर विभाग को दी गई है। विभाग के नोडल अधिकारी पता करने की कोशिश करें कि यह पैसा कहां से लाया गया और कहां पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चैकिंग के दौरान पुलिस ने कार को रोक कर जांच की तो, चेकिंग के दौरान गाड़ी से 11 लाख 58 हजार 400 रूपये बरामद किये है। कार नंबर DLxC CV 3909 के चालक राकेश कुमार पुत्र काशीराम निवासी पुल प्रहलादपुर, बदरपुर नई दिल्ली का निवासी है।

जगह-जगह चलाये 'स्वीप कार्यक्रम'

नोएडा (चेतना मंच)। शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हमारा

मतदान हमारा अधिकार कार्यकम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, सभी अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलायी। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की सभी को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए ताकि देश को प्रगति की ओर अग्रसारित किया जा सके।

उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान प्रतिशत बढ़ाने लिए अपना-अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया और युवाओं को अपने गांव, शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए आह्वान किया ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अपने अधिकार पर गर्व होना चाहिए क्योंकि मतदान भविष्य का विधाता होता है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में व्यापक जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है, इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सकता है।

जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर/जिला समन्वयक अधिकारी अर्चना शिरोमणि एवं उनकी टीम के द्वारा प्रिंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी के प्रांगण एवं गौर सौंदर्यम सोसाइटी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जन सामान्य व विद्यार्थियों को मतदान के लिए जागरूक किया गया और बताया गया की लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चुनाव भारत में संचालित हैं और मतदान एक ऐसा अधिकार है, जिसके द्वारा हम अपनी सरकार निर्वाचित करते हैं क्योंकि लोकतंत्र में सरकार के द्वारा ही लोकतंत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। हम सभी को मतदान करना चाहिए।

जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर गीता भाटी, शबनम अधाना एवं उनकी टीम द्वारा संविलियन विद्यालय सलैमपुर गुर्जर में गाँव के गणमान्य व्यक्तियों, विद्यालय स्टाफ़ एवं अन्य शिक्षकों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया तथा सभी को देश को आगे बढ़ाने में हर एक वोट बहुत कीमती है, सभी को इसका सन्देश दिया एवन लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चुनाव में बढ़ चढ़कर वोट डालने की अपील भी की गई।

एडीएम व डीसीपी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

नोएडा (चेतना मंच)। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त एवं अपर जिला अधिकारी

प्रशासन निरंतर स्तर पर कर रहे हैं कार्यवाही। चुनाव कार्य को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त एवं अपर जिला अधिकारी प्रशासन द्वारा आज फूल मंडी फेस टू नोएडा में पहुंचकर किया गया स्थल निरीक्षण।

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह एवं अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न स्तर की तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। पुलिस उपायुक्त एवं अपर जिला अधिकारी प्रशासन के द्वारा आज फूल मंडी फेस टू नोएडा में पहुंचकर मतगणना स्थल का गहनता के साथ स्थल निरीक्षण किया गया।

उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम क्षेत्र का भी गहन निरीक्षण किया साथ ही जहां पर मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा उन हालो में पहुंचकर गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश मौके पर ही प्रदान किए गए।

पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना अध्यक्ष एवं चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए की फूल मंडी फेस टू नोएडा में चुनावी कार्यों से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी कानूनी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप दुरुस्त कर ली जाए ताकि संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, संबंधित अधिकारियों, मीडिया बन्धुओं एवं जन सामान्य आदि को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम बनाने तथा पार्टी आगमन व रवानगी, डिस्पैच और रिसीविंग के संबंध में संबंधित अधिकारियों के द्वारा अपनी-अपनी सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाए ताकि चुनाव संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण मानकों के अनुसार पूरे किए जा सकें।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर अनुज नेहरा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गण भी मौके पर उपस्थित रहे।